卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐ॐ 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 169 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦26 मार्च 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## पंचम नवरात्र




नवरात्र के पांचवे दिन मां भगवती के स्कंदमाता स्वरूप की पूजा की जाती है। देवी का यह स्वरूप नारी शक्ति और मातृ शक्ति का प्रतीक है।

# पंतनगर से जयपुर के लिए शुरू हुई फ्लाईट

## केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने किया हवाई सेवा का शुभारम्भ





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने रविवार को पंतनगर जयपुर फ्लाइट का फीता काटकर और केक काटकर शुभारम्भ किया। उन्होंने इस फ्लाइट से जा रहे वीरपाल सिंह व कुसुम लता को पहला बोर्डिंग पास सौंपा। पंतनगर से जयपुर के बीच इंडिगो एयर अब रोजाना नॉनस्टॉप फ्लाइट चलायेगी। इसके लिए इंडिगो ने फ्लाइट शेड्यूल जारी कर टिकटों की बुकिंग भी शुरू कर दी है। इंडिगो इस हवाई मार्ग पर एटीआर-76 (76 सीटर) विमान का संचालन करेगी। इंडिगो एयरलाइंस ने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को करीब एक माह पूर्व पंतनगर-जयपुर के बीच हवाई सेवा शुरू करने का प्रस्ताव दिया था। प्राधिकरण और कंपनी के बीच सभी नियम व शर्तों पर सहमति के बाद अब यह हवाई सेवा रविवार से शुरू हो गई है। शुरूआत में जयपुर के लिए न्यूनतम किराया करीब 3500 रुपये निर्धारित किया है। इस फ्लाइट के शुरू होने से अब पंतनगर से जयपुर के बीच दूरी मात्र सवा घंटे में सिमट जाएगी। पहले दिन इंडिगो की फ्लाईट में जयपुर के लिए 27 सीटें बुक हुयी। जबकि जयपुर से इस फ्लौट में 31 पैंसेजर पंतनगर पहुंचे। शुभारम्भ के मौके पर केन्द्रीय मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि इंडिगो के सहयोग से जयपुर के लिए आज फ्लाईट शुरू हो गयी है। इससे पहले लखनऊ के लिए फ्लाईट शुरू की गयी थी। अजय भट्ट ने कहा कि जयपुर से पर्यटक बड़ी संख्या में आते हैं और यहां से भी जयपुर जाते हैं। देहरादून में पहले जब एयरपोर्ट शुरू किया गया तब मुश्किल से यात्री मिल पाते थे। आज दो दर्जन से ज्यादा फ्लाईट वहां से संचालित हो रही हैं। हवाई सेवाओं को और विस्तार देने का प्रयास किया जा रहा है। (शेष पृष्ठ सात पर)

# भाजपा के साथ चट्टान की तरह खड़ा है ओबीसी समाज: कश्यप

## भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्य समिति में जुटे पार्टी के कई वरिष्ठ नेता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा ओबीसी मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में संगठन और पार्टी को मजबूत बनाने पर व्यापक चर्चा की गयी। कार्यसमिति का शुभारम्भ केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट, यूपी के कैबिनेट मंत्री एवं यूपी के ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष नरेश कश्यप, उत्तराखंड ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राकेश गिरी ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इस अवसर पर यूपी के कैबिनेट मंत्री नरेश कश्यप ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनावों में ओबीसी मोर्चा उत्तराखण्ड की सभी सीटों को जिताने में अहम भूमिका निभायेगा। ओबीसी समाज यह महसूस करता है कि जब से केन्द्र में भाजपा की सरकार आयी है तब से पिछड़े वर्गों के संवैधानिक अधिकार सुरक्षित हुए हैं और उनका विकास हुआ है। ओबीसी कमीशन को संवैधानिक दर्जा मिलना, नीट की परीक्षा में 27 प्रतिशत आरक्षण, केन्द्रीय विद्यालय और सैनिक विद्यालयों में आरक्षण जैसे मुद्दों पर मोदी सरकार ने अहम फैसले लिये हैं। पिछड़े वर्ग के लोगों ने यह महसूस किया है कि भाजपा की नौ साल की केन्द्र सरकार में उन्हें वो सब मिला है जो पिछले पचास सालों में भी नहीं मिला। इसीलिए (शेष पृष्ठ सात पर)





# केन्द्र सरकार के खिलाफ सत्याग्रह पर बैठे कांग्रेसी

रूद्रपुर/काशीपुर। वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा से सदस्यता समाप्त किये जाने के विरोध में कांग्रेसियों ने रविवार को यहां गांधी पार्क में गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष सत्याग्रह किया और केन्द्र सरकार को जमकर कोसा। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने भाजपा सरकार पर लोकतंत्र की हत्या करने का आरोप लगाया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा के सभी जिला मुख्यालय पर सत्याग्रह के आहवान पर रविवार को उपनेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी एवं कांग्रेस कार्यकारी जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा की अगुवाई में जिले भर के कांग्रेसी गांधी पार्क स्थित महात्मा गांधी की की प्रतिमा के समक्ष एकत्र हुए। महात्मा गांधी की को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद कांग्रेसियों ने केन्द्र की भाजपा सरकार के खिलाफ सत्याग्रह किया। इस अवसर पर उपनेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार लोकतंत्र को तहस नहस कर रही है। विपक्ष की आवाज को कुचला जा रहा है। जो भी सरकार के खिलाफ आवाज उठाता है उसे किसी न किसी तरह से प्रताड़ित करके उसकी आवाज को दबाया जा रहा है। भाजपा सरकार (शेष पृष्ठ सात पर)




# जी-20 समिट के लिए एडीजी अपराध व कानून व्यवस्था ने परखीं व्यवस्थाएं



रुद्रपुर(उदसंवाददाता)। जी-20 सम्मेलन को देखते हुए जिला पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों को देखने के लिए रविवार को उत्तराखंड के एडीजी अपराध व कानून व्यवस्था वी मुर्गेशन पुलिस लाईन पहुंचे। इस दौरान उन्होंने फोर्स को ब्रीफिंग करते हुए पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी तरह कोई चूक न हो। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ मंजूनाथ टीसी ने बताया कि जी-20 सम्मेलन के लिए विभिन्न जनपदों से पहुंचे करीब 1500 अधिकारी, कर्मचारी को नियुक्त किया गया है। जिले में चाक-चौबंद व्यवस्थाए की गई है। पंतनगर से लेकर रामनगर तक चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया है। ताकि किसी भी तरह कोई गड़बड़ी न हो। सम्मेलन(शेष पृष्ठ सात पर)

# तमंचे के साथ गैंगस्टर गिरफ्तार

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। थाना पुलिस ने गैंगस्टर को तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गये बदमाश कई मुकदमे चल रहे हैं। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने खुलासा करते हुए बताया कि। जी-20 समिट के दौरान जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर पुलिस महकमा अलर्ट है। जिसके चलते संदिग्धों की धरपकड़ को अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत नानकमत्ता थाना पुलिस की टीम ने कक्का सिंह उर्फ कक्की पुत्र बग्गा सिंह निवासी गिधौर थाना नानकमत्ता एक तमंचा और एक कारतूस के साथ मच्छीझाला नानकमत्ता से गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी आर्म्स (शेष पृष्ठ सात पर)



# न्यायालय परिसर में चोरी करते दो दबोचे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। न्यायालय परिसर से नलों की टोटियां चोरी करके ले जा रहे दो चोरों को न्यायायलय के कर्मचारियों ने रंगे हाथ पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। परिवार न्यायालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में तैनात दीपक गिरी ने बताया कि शनिवार शाम को जब वह शौचालय के पास पहुंचे तो वहां दो संदिग्ध व्यक्ति थैला हाथ में लिये नजर आये। न्यायालय कर्मी राजकुमार कुमार के साथ उसने दोनों को रोकने का प्रयास किया तो दोनों (शेष पृष्ठ सात पर)



# जी 20 सम्मेलन : पंतनगर एयरपोर्ट से लेकर रामनगर तक चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेगी उत्तराखंड पुलिस फोर्स







## हाईवे की सड़के हुई चकाचक,दीवारों में की गई पेंटिग भी बन रही है आकर्षण का केंद्र

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। रामनगर में 28 से 30 मार्च तक होने वाली जी-20 की बैठक को लेकर अधिकारी तैयारियों को लेकर पूरी तरह मुस्तैद है इस बैठक में भाग लेने वाले देसी व विदेशी डेलीगेट जहां एक ओर उत्तराखंड की संस्कृति से रूबरू होंगे तो वही यह मेहमान विश्व प्रसिद्ध कॉर्बेट नेशनल पार्क के पर्यटन जॉन बिजरानी का भ्रमण भी 30 मार्च को सुबह की पाली में करेंगे जिसको लेकर पाक प्रशासन ने पार्क के इस जॉन की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है पार्क वार्डन अमित ग्वासा कोटी ने बताया कि बिजरानी जोन में भ्रमण को लेकर मेहमानों की सुरक्षा को लेकर कर्मचारियों को तैनात किया जाएगा तथा जॉन की सड़कों का भी सुधारीकरण का कार्य शुरू हो गया है उन्होंने बताया कि भ्रमण के दौरान शामिल डेलिगेट्स इस इस जॉन पर प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने के साथ ही वन्यजीवों का भी दीदार करेंगे। जी-20 सम्मेलन को लेकर खुफिया एजेंसियां सक्रिय हो गई हैं। आयोजन के दौरान राज्यभर के खुफिया कर्मी रामनगर में डेरा डालेंगे। वहीं यात्रा मार्ग पर विदेशी मेहमानों के स्वागत के लिये व्यापक तैयारियां की जा रहीह है। नेशनल हाईवे मार्ग चकाचक बनाने के लिये पेड़पौधे फूलों के गमले लगाकर सौंदर्शीकरण किया जा रहा है वहीं दूसरी तरफ दीवारों में की गई पेंटिग भी आकर्षण का केंद्र बन रही है। प्रसिद्ध चित्रकारों द्वारा राज्य की संस्कृति को दर्शाया गया है। दीवारों पर रंग रोगन और सौंदर्यीकरण के साथ बनाई गई पेंटिंग्स में पहाड़ को गहराई से दर्शाया गया है। इसमें पारम्परिक वाद्य यंत्रो स्थानीय परिवेश का मार्मिक चित्रण के साथ ही ढोल-दमाऊ और पहाड़ की प्रचीन शैली में बनाये जाने वाले घर हैं। इसमें पहाड़ में आपदा आने के दौरान की स्थिति को भी दर्शाया गया है। आइजी कुमाऊं डॉ. नीलेश आनंद भरणे के अनुसार अतिथियों की सुरक्षा में कोई चूक नहीं होगी। 28 मार्च से रामनगर के ढिकुली में जी-20 सम्मेलन प्रस्तावित है। अतिथि पंतनगर एयरपोर्ट से वाया कार से हल्द्वानी होते हुए रामनगर जाएंगे। सुरक्षा के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात रहेगी। इसके अलावा रास्तेभर अतिथियों को कोई परेशानी न हो, इसके लिए खुफिया एजेंसियों को अलर्ट कर दिया है। सड़कों के किनारे रहने वाले लोगों का पूरा रिकॉर्ड एजेंसियां जुटा चुकी हैं। संदिग्धों पर नजर रखी जाएगी। आइजी कुमाऊं डॉ. नीलेश आनंद भरणे ने बताया कि अतिथियों की सुरक्षा में कोई कमी नहीं रहेगी। सिपाही, दारोगा, इंस्पेक्टर, सीओ, एसपी व एसएसपी की जिम्मेदारी तय कर दी जाएगी। कार्यक्रम स्थल के आसपास लोगों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।28 मार्च को जी 20 सम्मेलन के लिए 76 विदेशी व 36 भारतीय अतिथि ढिकुली में पहुंचेंगे। डीएम धीराज गर्ब्याल और एसएसपी पंकज भट्ट ने कोसी बैराज पहुंचकर अधिकारियों के साथ बैराज के सुंदरीकरण कार्य का निरीक्षण किया। 26 मार्च तक कार्य पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके बाद डिग्री कॉलेज जाकर वहां की जा रही वाल पेंटिंग देखी। कालेज के बाहर पेंटिंग के साथ ही सुंदरता बढ़ाने के लिए गमले आदि के जरिये पुष्प वाटिका का रूप देने को कहा। उद्यान विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अतिथियों का रूट डिग्री कॉलेज से ही रहेगा। इसके बाद डीएम ने ढिकुली में राजकीय इंटर कालेज में रंगरोगन व वाल पेटिंग का निरीक्षण किया। डीएम ने ताज रिसार्ट पहुंचकर व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। नगर पालिका ईओ महेंद्र यादव को शहर में स्वच्छता आदि के संबंध में दिशानिर्देश दिए गए। इस दौरान एसडीएम गौरव चटवाल, तहसीलदार विपिन पंत, नायाब तहसीलदार डीसी मिश्रा, मुख्य उद्यान अधिकारी आरके सिंह मौजूद रहे।

## ट्रैफिक प्लान जारी: वीवीआईपी गणों के भ्रमण के दौरान कोसी बैराज से ताज रिजॉर्ट तक नो पार्किंग जोन घोषित

हल्द्वानी। रामनगर में दिनांक 28 मार्च से दिनांक 30 मार्च तक प्रस्तावित जी 20 सम्मेलन के दृष्टिगत वीआईपी / वीवीआईपी गणों के भ्रमण के दौरान रामनगर-कालाढुंगी शहर का ट्रैफिक प्लान इस प्रकार से रहेगा। कोसी बैराज से लखनपुर होते हुए ताज रिजॉर्ट तक नो पार्किंग जोन रहेगा। सड़क के दोनों और से 30-3-2023 तक केवल आवश्यक वस्तुएं (जैसे- पेट्रोल/डीजल, दूध, गैस तथा एम्बुलेन्स) के वाहन ही संचालित रहेगे। परन्तु वी.आई.पी. भ्रमण / मूवमेन्ट के समय पूर्णत: जीरो जोन कर दिया जायेगा। वी.आई.पी. मूवमेन्ट / भ्रमण के दौरान वी. आई पी रूट नया गांव तिराहा, कोटाबाग तिराहा, बैलपड़ाव तिराहा, हलके वाहन वाले श्रद्धालुओं का ही प्रवेश होगा। ताज व नम: रिजोर्ट में केवल वी.आई.पी. के वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था की गयी है। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के वाहनों पार्किंग के लिये ताज रिजोर्ट से बराबर में जमीन को समतलीकरण व इन्टरलॉक टाइल लगाकर तथा नम:




किसी भी प्रकार का वाहन पार्क नहीं किया जाएगा।दिनांक 28.29.30 मार्च, 2023 की प्रात: 08:00 बजे से रात्रि 10. 00 बजे तक केवल दिन के समय वी. आई.पी. रूट कोसी बराज, लखनपुर, आमदडा, गर्जिया रामनगर तक भारी वाहनों का आवागमन पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। उक्त तिथि में भारी वाहनों का आवागमन केवल रात्रि 10.00 बजे से प्रात: 06.00 बजे तक ही रहेगा। वी. आई.पी. रूट पर दिनांक 28-3-2023 हनुमानधाम छोई तिराहा, नया कोसी पुल पूर्वी छोर पाटकोट तिराहा, कोसी बैराज तिराहा, लखनपुर चौराहा, गर्जिया चौकी के सामने तथा शिवलालपुर चुंगी व चोरपानी तिराहे पर लगभग 100 मी. पूर्व बैरियर लगाकर पूर्णत: जीरो जोन किया जायेगा। जी - 20 के दृष्टिगत नवरात्रि के अवसर पर गर्जिया में श्रद्धालु ट्रैक्टर ट्रॉली, छोटा हाथी, आदि बड़े वाहनों से दर्शन के लिए आते हैं, जिन्हें हल्दुआ बैरियर से वापस किया जाएगा। केवल रिजोर्ट के सामने सड़क के दूसरी तरफ पार्किंग की व्यवस्था की गयी है। दिनांक 25.3.2023 से 30.3.2023 तक रानीखेत रोड, पी.डब्ल्यू. डी गेस्ट हाउस के सामने, आम उडा रोड तथा डिग्री कॉलेज के सामने लगने वाले वाहन व जीएमवीएन व केएमवीएन की बसे, जिप्सी, टकाडम्बर/टिम्पर तथा टॅक्सी आदि समस्त वाहनों को एम. पी.आई.सी इंटर कॉलेज के ग्राउंड में पार्क किए जाएंगे।

# लोकतंत्र में विरोध और असहमति के स्वरों को कुचला जा रहा : हरीश रावत

## विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने की राहुल की सदस्यता रद्द करने की भर्त्सना

देहरादून(उद ब्यूरो)। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लोकसभा सांसद राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त करने के विरुद्ध उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश रावत के आह्वान पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने केंद्र सरकार के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार पर संविधान, लोकतंत्र व विपक्ष को कुचलने का आरोप लगाया है। सर्वसम्मति से आगामी आंबेडकर जयंती पर केंद्र के विरुद्ध जनजागरण करने का निर्णय लिया गया है। शनिवार को देहरादून में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की एक होटल में बैठक हुई। इस दौरान वक्ताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र सरकार लगातार विपक्षी दलों के विरुद्ध षडयंत्र रचकर सत्ता का दुरुपयोग कर रही है। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि देशभर में विपक्ष के नेताओं, बुद्धिजीवियों व असहमति की आवाजों के उत्पीड़न को अब नहीं सहा जाएगा। लोकतंत्र एवं संविधान को खत्म करने और विरोधी दलों के नेताओं व कार्यकर्ताओं के उत्पीड़न के प्रश्न पर विचार मंथन के लिए एक सर्वपक्षीय बैठक की गई। इस बैठक में कांग्रेस की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश रावत सहित श्री सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल, उत्तराखंड क्रांति दल के नेता श्री काशी सिंह ऐरी, वरिष्ठ नौकरशाह व सामाजिक कार्यकर्ता श्री सुरेन्द्र सिंह



पाँगती, गांधीवादी नेता श्री हरवीर कुशवा, श्री विजय शुक्ला, श्री वीरेंद्र त्यागी, कम्युनिस्ट पार्टी के श्री समर भंडारी, श्री रवींद्र जगी, श्री संजय मल्ल, समाजवादी पार्टी के डॉ. एस एन सचान, सीपीएम कामरेड सुरेंद्र सजवाण, राष्ट्रवादी पार्टी नवनीत गुसाईं, जेडीएस से श्री हरजिंदर सिंह, जेडीयू, तृणमूल कांग्रेस से श्री राकेश पंत, प्रसिद्ध आंदोलनकारी श्रीमती निर्मला बिष्ट, ट्रेड यूनियन के नेता श्री जगदीश कुकरेती एवं विभिन्न सामाजिक संगठन से जुड़े हुए लोगों ने भागीदारी की। सबने एक स्वर से षड्यंत्र पूर्व तरीके से श्री राहुल गांधी को लक्ष्य बनाकर उनको मानहानि के केस में फसाने, उनकी सदस्यता रद्द करने के कुप्रयास की भर्त्सना की, सभी लोगों ने इस बात पर गंभीर चिंता प्रकट की कि जनता के सवालों को उठाने वाले प्रत्येक विरोध व असहमति के स्वरों को कुचला जा रहा है। ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स, आईबी और पुलिस का दुरुपयोग कर भय और आतंक का वातावरण खड़ा कर दिया गया है। सामाजिक जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में भय का वातावरण व्याप्त है। संवैधानिक और अर्धसंवैधानिक संस्थाओं पर एक संगठन विशेष का प्रभुत्व बनाया जा रहा है। श्री गौतम अडानी जो राष्ट्रीय संपत्ति, इस शोषण के बल पर दुनिया के नंबर दो के धनाढ्य बने हैंउनसे संबंधित आर्थिक अनिमियताओं को उजागर करने से रोकने के लिए ही श्री राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्त की गई है। सभा में इस बात की भी गंभीर चिंता प्रकट की गई कि देश की बहुदलीय संसदीय प्रणाली को समाप्त कर एक दलीय तानाशाही को थोपने का कुप्रयास किया जा रहा है। बैठक में यह निर्णिय लिए गया कि राज्य के अंदर कार्यरत जनसंगठनों, राजनीतिक दलों व आंदोलनकारियों को एकजुट कर वर्तमान निरंकुश सरकार के खिलाफ जनता को संगठित किया जाएगा और इस हेतु 14 अप्रैल को देहरादून में भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर लोकतंत्र बचाओ- संविधान बचाओ दिवस पर एक जन उद्घोष सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

# अश्लील बातचीत के मामले में क्रिकेट कोच निलंबित

देहरादून। जूनियर वर्ग की महिला क्रिकेटर के साथ अश्लील बातचीत के मामले में विषाक्त का सेवन करने के बाद दून अस्पताल में भर्ती कराए गए क्रिकेट कोच नरेंद्र शाह की हालात नाजुक बनी हुई है। चिकित्सकों के अनुसार, उनकी किडनी व फेफड़ों पर विषाक्त का काफी असर पड़ा है, जो उनके स्वास्थ्य के लिए खतरनाक बना हुआ है। चिकित्सकों का कहना है कि अगले 12 घंटे काफी अहम हैं और उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया है। उधर, शनिवार को आडियो प्रकरण पर स्वत: संज्ञान लेते हुए क्रिकेट एसोसिएशन आफ उत्तराखंड (सीएयू) ने कोच नरेंद्र शाह को निलंबित कर दिया है। नरेंद्र शाह पर्वतीय क्रिकेट एसोसिएशन, चमोली के सचिव हैं। हाल ही में सीएयू ने उन्हें महिला क्रिकेट का संयोजक भी बनाया था। सीएयू ने उन्हें संयोजक पद से निलंबित किया है। सीएयू के प्रवक्ता विजय प्रताप मल्ल ने बताया कि इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित अश्लील बातचीत के आडियो प्रकरण का सीएयू के सदस्यों ने संज्ञान लिया है। जिसके बाद सभी ने नरेंद्र शाह के विरुद्ध कार्रवाई का निर्णय पारित कर उन्हें तत्काल प्रभाव से महिला क्रिकेट संयोजक पद से निलंबित कर दिया है। उन्होंने बताया कि अभी तक जूनियर महिला क्रिकेटर या उनके स्वजन की ओर से किसी भी तरह की शिकायत सीएयू को नहीं मिली है। शहर कोतवाल विद्याभूषण नेगी ने बताया कि चिकित्सकों ने नरेंद्र शाह के विषाक्त खाने की पुष्टि की है। आइसीयू में भर्ती नरेंद्र शाह अभी तक होश में नहीं हैं, इसलिए उनके बयान शनिवार को भी दर्ज नहीं किए जा सके। पुलिस विषाक्त खाने के कारणों की पड़ताल कर रही है। सीएयू के प्रवक्ता विजय प्रताप मल्ल ने बताया कि खिलाड़ी को किसी भी तरह की समस्या या शिकायत के लिए सीएयू की एक कमेटी बनी हुई है। जहां खिलाड़ियों की शिकायत व सुझाव सुने जाते हैं। उन्होंने बताया कि सीएयू इस तरह के प्रकरण को किसी भी सूरत में बर्दाशत नहीं करेगी। अगर सीएयू का कोई भी सदस्य या सीएयू से संबद्ध कोच इस तरह के प्रकरण में लिप्त पाया जाता है तो उस पर कड़ी कार्रवाई के साथ कानूनी कार्रवाई भी करेगा। महिला क्रिकेटर के पिता आज देहरादून पहुंचकर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। महिला क्रिकेटर चमोली जिले की रहने वाली है। वह दसवीं कक्षा की छात्रा है और देहरादून में कुछ सहयोगी छात्राओं के साथ किराये के कमरे में रहकर कोच नरेंद्र शाह की एकेडमी में क्रिकेट का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही थी। बताया जा रहा है कि कोच की रिकार्डिंग करने में साथ रहने वाली सहेलियों ने क्रिकेटर की मदद की थी।

अरोरा डेन्टल केयर
Dental Facilities / सुविधायें
डेंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
• दांतों की नसों का इलाज / RCT
• फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
• नकली दांतों का जबड़ा लगाना / Complete Denture
• टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
• दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
• सफाई द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling
डा. गगनदीप गुम्बर B.D.S.,PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085
डा. अमरप्रीत सिंह अरोरा B.D.S.,(Dental Surgeon) M.9997327642
(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
Opp.Prabal Enclave,Near ICON School,SidculBigwara Road (Rudrapur) Mo-9837081085 , 9997327642

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# नगर निगम ने चलाया स्वच्छता अभियान

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जी-20 सम्मेलन की तैयारियों के तहत शनिवार को नगर निगम की ओर से स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान अधिकारियों कर्मचारियों, पार्षदों और आम नागरिकों ने भी स्वच्छता अभियान में भागीदारी करते हुए नैनीताल हाईवे से कई कुंटल पॉलीथीन और कचरा एकत्र किया। मेयर रामपाल सिंह और मुख्य नगर आयुक्त विशाल मिश्रा की अगुवाई में शनिवार को कलेक्ट्रेट के पास संयुक्त स्वच्छता अभियान शुरू किया गया। इस दौरान नगर निगम के पार्षद, कर्मचारियों के साथ ही अन्य लोगों ने भी स्वच्छता अभियान में भागीदारी करते हुए शहर को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान मेयर रामपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड में जी-20 की बैठक होना प्रदेशवासियों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में जी-20 की तीन बैठकें होनी हैं जिसमें से पहली बैठक 28 से 30 मार्च को रामनगर में होने जा रही है। जिसके लिए नैनीताल और हल्द्वानी दोनों जनपदों में विशेष रूप से



तैयारियां की गयी हैं। उन्होंने कहा कि विदेशों से आने वाले मेहमानों को पहले पंतनगर एयरपोर्ट पर आना है उसके बाद उन्होंने रूद्रपुर होते हुए रामनगर को प्रस्थान करना है। इस पूरे रूट पर विदेशी मेहमानों को कोई दिक्कत ना हो और वह देवभूमि की एक अच्छी छवि लेकर लौटें ऐसा सरकार और प्रशासन का प्रयास है। जिसमें नगर निगम भी युद्ध स्तर पर जुटा है। इसी के तहत स्वच्छता अभियान भी वृहद स्तर पर चलाया गया है। हमारा प्रयास है कि आगे भी शहर इसी तरह साफ सुथरा और चमकता हुआ नजर आये। मेयर ने कहा कि देवभूमि में अतिथि देवो भव की परंपरा रही है। मेहमानों का स्वागत और सत्कार करना हमारी संस्कृति रही है। हम सभी की कोशिश होनी चाहिए कि विदेशी मेहमान जब यहां आयें तो यहां उन्हें स्वच्छ और साफ सुथरा माहोल मिले। मेयर ने कहा जी-20 सम्मेलन से उत्तराखण्ड को विश्व पटल पर नई पहचान मिलेगी। साथ ही इससे पर्यटन विकास के द्वार भी खुलेंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी एवं मुख्य नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने कहा जी-20 के सम्मेलन में विश्वभर से प्रतिनिधि यहां पहुंच रहे हैं।जिसके लिए प्रशासन हरसंभव प्रयास कर रहा है। शहरवासियों को भी अपनी ओर से प्रयास करना चाहिए कि हमारा शहर साफ सुथरा नजर आये ताकि विदेशी मेहमानों में शहर की अच्छी छवि बनी रहे। इस अवसर पर मेयर रामपाल सिंह नगर आयुक्त विशाल मिश्रा,सहायक नगर आयुक्त राजू नबीयाल, पार्षद विधान राय, निमित्त शर्मा, भुवन गुप्ता, प्रमोद शर्मा ,सुशील चौहान, राकेश सिंह, अंबर सिंह, विनय विश्वास और कौन-कौन था देवभूमि सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मुकेश राजोरिया सुनील कुमार सोनू मुल्तानी रंजीत अकेला सुनील गुरुजी सेनेटरी इंस्पेक्टर अमित नेगी वंदे मातरम ग्रुप के संजय कुमार सहित पूरी टीम मौजूद रही।



# कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सुनी मन की बात

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने भाजपा नेता गजेन्द्र प्रजापति के निवास पर शक्ति केंद्र फाजलपुर महरोला बूथ संख्या 148 पर शक्ति केंद्र अध्यक्ष कुलदीप सिंह एवं पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री की मन की बात सुनी। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा विधायक शिव अरोरा, मेयर रामपाल सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता वेद ठुकराल समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के बाद प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट



ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी हमेशा से ही मन की बात कार्यक्रम के द्वारा देश और दुनिया की संस्कृति और परंपराओं से हमें अवगत कराते आए हैं। उन्होंने कभी भी इस कार्यक्रम का प्रयोग राजनीतिक फायदे के लिए नहीं किया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ प्रधानमंत्री के मन की बात नहीं, बल्कि जन-जन की बात है और इसके सुनने के बाद सामाजिक रूप से देश में काफी परिवर्तन देखने को भी मिला है। उन्होंने सभी से अवाहान किया कि मन की बात कार्यक्रम को सभी अभिभावक अपने बच्चों के साथ बैठकर देखे और सुनें। साथ ही अभिभावकों को इस बात की कोशिश करनी चहिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दी जाने वाली शिक्षा बच्चों तक पहुंचें, ताकि बच्चे देश की सामाजिक और सांस्कृतिक रुपरेखा से परिचित हो सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कही गई बातें हम सबके लिए प्रेरणास्रोत है और उसे जीवन में उतरने की कोशिश करनी चाहिए। इस अवसर पर सुशील यादव,ललित बिष्ट मन की बात कार्यक्रम के जिला संयोजक गजेंद्र प्रजापति आदि लोग मौजूद रहे

# हाईड्रोपोनिक्स पर हैंड्स ऑन ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उत्तराखंड काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी के सहयोग से महाविद्यालय विज्ञान लोकप्रियकरण समिति ने हाइड्रोपोनिक्स ( फार्मिंग इन वाटर विदाउट सॉइल) पर एक दिवसीय हैंड्स ऑन ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर कमल किशोर पांडे, मुख्य अतिथि प्रोफेसर ललित तिवारी, निदेशक शोध, कुमाऊं विश्वविद्यालय, नैनीताल और यूसीबी, हल्दी के वैज्ञानिक डॉ. मनिंद्र मोहन व डॉ. अमित पुरोहित द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्राचार्य प्रो. पांडे, प्रोफेसर एके पालीवाल एवं प्रो. हरिश्चंद्र ने मुख्य अतिथि और ट्रेनर्स का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. पांडे ने हाइड्रोपोनिक कृषि के बारे में विस्तृत रूप से बताया और इस विधि के ऐतिहासिक पहलू पर भी छात्र छात्राओं को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन विज्ञान लोकप्रियकरण समिति के सदस्य डॉ. रवीश त्रिपाठी ने



किया।इसके पश्चात कार्यक्रम के समन्वयक प्रोफेसर पालीवाल ने हाइड्रोपोनिक से संबंधित अपने कार्य व विचार साझा किए।मुख्य अतिथि एवं वनस्पति विज्ञान के प्रोफेसर ललित तिवारी ने इस विधि से केवल पानी और न्यूट्रिएंट्स का उपयोग करते हुए अच्छे और पौष्टिक उत्पादन एवं आस पास के क्षेत्रों में हाइड्रोपोनिक कृषि से संबंधित जानकारियां छात्र छात्राओं को बताई। उत्तराखंड काउंसिल फॉर बायोटेक्नोलॉजी के वैज्ञानिक डॉ. अमित पुरोहित ने हाइड्रोपोनिक कृषि के तकनीकी पहलुओं को बताया और कैसे इसका उपयोग करके एक अच्छा रोजगार किया जाए व अच्छा व जैविक उत्पाद कम जगह पर ज्यादा उत्पादन किया जाए बताया।डॉ. मनिंद्र मोहन, वैज्ञानिक यूसीबी ने बहुत से वेस्ट मैटेरियल का उपयोग करके हाइड्रोपोनिक कृषि कैसे की जाए इसको बताया।विज्ञान लोकप्रियकरण समिति के समन्वयक डॉ. भारत पांडे ने हाईड्रोपॉनिक से स्वरोजगार और और फ्यूचर फार्मिंग में इसकी उपयोगिता के बारे में बताया।अंत में सभी आमंत्रित अतिथियों के सहयोग हेतु यूकॉस्ट व विज्ञान भारती एवं कार्यक्रम के सफल सम्पादन हेतु प्रोफेसर पीपी त्रिपाठी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्राचार्य प्रोफेसर केके पांडे ने सभी को सहयोगी परिषदों, अतिथियों, प्राध्यापकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों, छात्र संघ पदाधिकारियों, उपस्थित छात्र छात्राओं का धन्यवाद आभार व्यक्त किया।

# देश की जनता फिर से राहुल गांधी को सम्मान देकर दोहराएगी इतिहास: गौतम

काशीपुर(उद संवाददाता)। कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्त होने के मामले में प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उत्तराखंड कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जय सिंह गौतम कहा कि एक भारत देश की डरपोक तानाशाह भाजपा सरकार को जिसे 9 सालों से संसद में जिस



आवाज से सबसे ज्यादा डर लगता था क्योंकि वो आवाज देश के नौजवानों किसानों बेरोजगारों आम आदमी की जुनूनी समस्याओं के सवाल उठाती थी और इस भाजपा मोदी की तानाशाह सरकार के पास उन सवालों के जवाब तक नहीं होते थे। श्री गौतम ने कहा कि उस आवाज में भाजपा सरकार की संरक्षण में बैंक लुटेरों,व लुटेरे उद्योगपतियों, जिनको भाजपा मोदी सरकार के नेताओं ने देश के समस्त आम आदमी का पैसा लूटवाकर विदेश भगाने में पूरी मदद की। आज उस आवाज को खामोश करने की कोशिश की गई है इसे देश का किसान, नौजवान, आम जनता देख रही है। श्री गौतम ने कहा कि आने वाले समय में इस लड़ाई को कांग्रेस कानूनी और राजनैतिक तौर पर पूर्ण तरीके से लड़ेगी। साथ ही कहा कि भाजपा की मोदी सरकार ने इतिहास दोहराया है तो देश की जनता भी उस इतिहास को दोहरा कर भाजपा को जवाब देगी। जैसे भारत की पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की सदस्यता खारिज की थी ।श्री गौतम ने कहा कि आज आम आदमी की आवाज राहुल गांधी की सदस्यता खारिज की है देश की जनता फिर से राहुल गांधी को सम्मान देकर इतिहास दोहराएगी।

# विधायक राणा ने शिशु मंदिर को सौपे दस पंखे

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। सरस्वती शिशु मंदिर में क्षेत्र के विधायक गोपाल सिंह राणा द्वारा वरिष्ठ



समाजसेवी एंव पूर्व प्रधान हरिओम राणा द्वारा दिए 10 पंखे प्रधानाचार्य को सौपे। सरस्वती शिशु मंदिर में पहुंचे विधायक गोपाल सिंह राणा द्वारा पूर्व प्रधान हरिओम राणा के सौजन्य से उपलब्ध कराएं गए 10 पंखों को प्रधानाचार्य गौरी दत्त जुकरिया को देते हुये कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में शिशु मंदिर का कार्य बेहतर है। शिक्षा के क्षेत्र में समाजसेवा जरूरी है। इस मौके पर व्यापार मण्डल महामंत्री गुरनाम सिंह,आचार्य लव कुष मिक्ष,दुर्गा दत्त जोशी आदि मौजूद थे।

# कलयुग में आस्था और विश्वास करने से ही भगवत प्राप्ति: जोशी

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)।नगर के तिलियापुर ग्राम के (आनंदनगर) गांव में एक हफ्ते तक चलने वाले आनंद नगर में श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस में व्यास श्री प्रमोद जोशी ने बताया कि कलयुग में सच्ची भक्ति आस्था और विश्वास ही भगवत प्राप्ति की जा सकती है। कलयुग तो सिर्फ एक युग आधार मात्र है इस युग में जो प्राणी हरीभक्ति मनन चिंतन करता है वह प्राणी भव बंधन से मुक्त होकर भगवत धाम को प्राप्त हो जाता है ।जैसे महाराज परीक्षित जी को यह



कृपा भागवत श्रवण करने मात्र से ही प्राप्त हो गई। 30 मार्च को भागवत आयोजन कमेटी द्वारा भागवत कथा समाप्ति के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर गंगा सिंह, कुंदन सिंह,राम सिंह, चंदन सिंह, हरेंद्र सिंह, सुंदर सिंह,आनंद सिंह,वीरेंद्र सिंह,भानु जोशी,मोहन सिंह,दीपक सिंह,आदि मौजूद थे।

# अवैध चाकू के साथ एक गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने गश्त के दौरान एक व्यक्ति को आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में घूमते अवैध चाकू सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष बनभूलपुरा के नेतृत्व में पुलिसकर्मी रात्रि गश्त कर रहे थे। इसी दौरान करण पुत्र लल्ला बाबू निवासी वार्ड नंबर 15 जवाहर नगर संदिग्ध रूप से घूमते हुए मिला। उसकी तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर थाना बनभुलपुरा में उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने



बताया करण आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है जो बनभूलपुरा क्षेत्र में छिपकर रास्ते में आने जाने वाले राहगीरों को चाकू दिखाकर नशे के सामान आदि के लिए अवैध वसूली कर रहा था जिसे गस्ती पुलिस दल द्वारा समय रहते पकड़ लिया गया।




# जलती रहे घाटे वाले, ज्योत तेरी जलती रहे

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। श्री बालाजी मंडल दिनेशपुर के महंत श्री राजेन्द्र अग्रवाल के सानिध्य में श्री बालाजी महाराज का विशाल दरबार श्री रविन्द्रचौहान जी, एल. आई.जी. 258, शिव शक्ति मंदिर रोड, आवास विकास, रूद्रपुर में सजाया गया। जहां दूर दराज से पहुंचे भक्तों नेदरबार में पहुंचकर अपनी अपनी हाजिरी लगाई एवं भजनों का भरपूर आनंद लिया। दरबार का शुभारंभ विधिवत रूप से ज्योत प्रज्वलितकर श्री गुरु वंदना, श्री गणेश वंदना, श्री प्रेतराज जी की आरती, श्री हनुमान चालीसा, आज शनिवार है महावीर का वार है सच्चे मन सेजो कोई गावे उसका बेड़ा पार है भजन से हुआ। दरबार में पहुँचने पर महन्त श्री अग्रवाल का परिवार द्वारा फूल मालायें पहनाकर भव्यस्वागत किया गया। महंत जी ने याही में भागवत याही में गीता, जलती रहे घाटे वाले ज्योत तेरी जलती रहे, जो प्रेम से बोलेगा मेरे बाबाके जयकारे भजन सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पश्चात महंत जी पर दूत महाराज का आवाहन हुआ एवं सभी भक्तों ने दूतमहाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया । वही भजनों की श्रृंखला में अजय जायसवाल ने मेरे सिर पर रखदो बाबा अपने ये दोनों हाथ,बिट्टूअरोरा ने तेरी भी बनेगी बात मेरी भी बनेगी, शिव कुमार ने बोलो श्री राम जय राम जय जय राम, लवी अरोरा ने जैसा चाहो मुझ को समझना, पवन खेड़ा ने चलो दर्शन को



मेंहदीपुर चलिये, सुनील कुमार ने लगन तुमसे लगा बैठे जो होगा देखा जायेगा आदि भजनसुनाकर सबको भक्तिमय कर दिया। उसके पश्चात बाबा का पच्चीसा हुआ एवं श्री सीताराम जी की, श्री बालाजी महाराज जी की, श्रीभैरव बाबा की आरती हुई एवं बाबा की आरती के छीटें एवं बाबा का भोग लगाने के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर परखघ्रैत कुमार, नरेश ग्रोवर, बिट्टू ग्रोवर, आयुष अरोरा, हर्षित ग्रोवर, आशु सुखीजा, धर्मेंद्र चौहान, अरविंद चौहान, निखिल चौहान, अश्विनीचौहान, उत्कर्ष चौहान, निश्चय चौंहान, सुनील कुमार, दीपक कुमार, विक्की रावल, गौरव मुंजाल, सुमित बब्बर, विजय गंगवार, अमनश्रीवास्तव, अंकुर भटनागर, रोहन भटनागर, सुरेश मित्तल, सुनील कुमार, धर्मवीर चौधरी, अजय जायसवाल, पवन खेड़ा, लवी अरोरा, बिट्टू अरोरा, सौरभ अग्रवाल एवं गौरव अग्रवाल आदि सैंकड़ों भक्त मौजूद थे।

# भाजपा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का जोरदार स्वागत

गदरपुर (उद संवाददाता)। भाजपा जिलाध्यक्ष गुँजन सुखीजा के कार्यालय पर भाजपा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का जोरदार स्वागत किया गया। गुँजन सुखीजा के कार्यालय पर भाजपा मंडल



अध्यक्ष सुरेश खुराना की अध्यक्षता में पुष्प वर्षा और माला पहनाकर जिलेभर के नवनियुक्त भाजपा पदाधिकारियों का स्वागत हुआ। भाजपा के नवनियुक्त जिला महामंत्री किसान मोर्चा गंगाराम सूरी एवं अर्जुन ठाकुर ,जिला उपाध्यक्ष हर्षपाल बंटी एवं धर्मेंद्र शर्मा ,ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अरविंद पाल ,जिला सोशल मीडिया प्रभारी कवीन्द्र सैनी, जिला मीडिया प्रभारी अल्पसंख्यक मोर्चा शहनूर अली, जिला कार्यकारिणी सदस्य अल्पसंख्यक मोर्चा मुनव्वर मियां एवं अहमद हसन का स्वागत भाजपा गदरपुर मण्डल द्वारा किया गया ।कार्यक्रम का संचालन भाजपा मंडल महामंत्री अनिल जेटली द्वारा किया गया।इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने भाजपा की विचारधारा पर प्रकाश डालते हुए नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी। भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है क्यों कि भाजपा सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास की विचारधारा लेकर बूथ से लेकर प्रदेश के कार्यकर्ताओं को सम्मान देने का काम कर रही है।प्रदेश में विकास कार्यो का स्तर लगातार नए आयाम हासिल कर रहा है।प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा नकल विरोधी सख्त कानून के साथ साथ 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण पर कार्य कर बड़ी मिसाल कायम की है।प्रदेश में जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुच रही है।उन्होंने देश के प्रधानमंत्री मोदी के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि आज प्रदेश के हर व्यक्ति के लिए गर्व की अनुभूति का पल है जी 20 की उपलब्धि उत्तराखंड को मिली है।जिस से हमारे प्रदेश का नाम अंतराष्ट्रीय स्तर पर हर व्यक्ति गर्व से ले रहा है। इस अवसर पर एससी आयोग के चेयरमैन मुकेश ,जिला उपाध्यक्ष गुरबक्श बग्गा,किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष बलकार सिंह ,जिलाध्यक्ष एस टी मोर्चा जिलाध्यक्ष राजकुमार, प्रदेश मंत्री ओबीसी मोर्चा मोनीषा ,मण्डल प्रभारी अमित सिंह ,प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा नरेश हुड़िया , मण्डल महामंत्री अनिल जेटली एवं अभिषेक वर्मा ,वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष गुंबर ,किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष जसवीर चीमा,ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष हैप्पी चंद्रा ,एससी मोर्चा मण्डल अध्यक्ष अमन पासवान ,महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष ज्योति अरोरा ,अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष सैफ अली ,गुलशन शर्मा , सतीश छावड़ा, पंकज सेतिया, संजय चौधरी ,गोल्डी सूरी , कपिल कुमार ,सोनू विश्वास ,मोहनलाल खेड़ा ,राजेंद्र कंबोज , रेखा गुप्ता ,चिंतन अरोरा ,धीरज कुमार ,निर्मल ,हरीश रहलन, नरेंदर,अश्वनी कुमार ,अभिषेक कंबोज ,जितेंद्र कश्यप ,नवीन खेड़ा,परमजीत पम्मा ,जगदीश सिंह ,बलवीर कंबोज ,निपुण ,महेंद्र सिंह सैनी, प्रेमपाल राजपूत ,जितेंद्र कश्यप ,भूपेंद्र सिंह ,सूरज ,सचिन सोहन सिंह एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन के कुमाऊं प्रभारी पहुंचे रूद्रपुर

रूद्रपुर (उद संवाददाता) ।उत्तराखंड प्रांतीय डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन के कुमाऊं प्रभारी अरविंद गुप्ता वरिष्ठ संरक्षक पृथ्वीराज आर्य के प्रतिष्ठान पर पहुंचे और एक बैठक आहूत कर महत्वपूर्ण विषयों पर विचार विमर्श किया। उन्होंने संगठन के कार्यों को गति देने के लिए प्रोत्साहित किया। स्थानीय संगठन का पुनर्गठन व कुमाऊं मंडल में एक संयुक्त बैठक पर विचार विमर्श हुआ। जिससे संगठन के उपस्थित पदाधिकारियों



व सदस्यों में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ। सभी सदस्य इस मुहिम के लिए कृत संकल्प दिखे। बैठक में वरिष्ठ संरक्षक पृथ्वीराज आर्य, संरक्षक राजेंद्र तनेजा, संरक्षक प्रेम अरोरा, मंत्री अमित आर्य, कोषाध्यक्ष सुमित अरोरा, निशांत खेड़ा, व सागर वार्ष्णेय मौजूद थे।

# कौशल्या इन्क्लेव में माता का जगराता आज रात्रि

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गंगापुर रोड स्थित कौशल्या एनक्लेव सोसायटी स्थित मंदिर प्रांगण में आज रात्रि 9 बजे से सोसाइटी के सभी लोगों के सहयोग से माता का जागरण किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए सोसायटी के प्रतिनिधि ललित दुम्का ने बताया कि इस भव्य जागरण कार्यक्रम में गायक कलाकार बंटी वर्मा, डीके राजा, खुशी यादव, शुभम सक्सेना आदि द्वारा अपनी गायकी से माता के भजन गाकर भक्तिमय वातावरण बनाया जाएगा। ललित दुम्का ने सोसाइटी के सभी लोगों की ओर से सभी से आग्रह किया है कि वह आज 26 मार्च दिन रविवार रात्रि 9 बजे कौशल्या एनक्लेव सोसायटी स्थित मंदिर प्रांगण में पहुंचकर माता के जगराता सुनकर पुण्य के भागी बने एवं प्रसाद ग्रहण करें।

# माता की चौकी से भक्तिमय हुआ माहौल

गदरपुर (उद संवाददाता)। नगर के वार्ड नं 11 बस अड्डा कालोनी में युवा मां शक्ति सेवा समिति के तत्वाधान में भव्य रूप से चौकी का आयोजन किया गया। युवा मां शक्ति सेवा समिति के सेवादारों द्वारा बड़े ही धूमधाम से भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। मुख्य रूप से काशीपुर निवासी निशा अरोरा ने भजनों का ऐसा सुंदर गुणगान किया कि उपस्थित श्रद्धालु झूमने नाचने पर मजबूर हो गए। चौकी का शुभारंभ नगर के भजन प्रभात अभिषेक शर्मा द्वारा किया गया। भजन प्रवाहक अभिषेक शर्मा ने उपस्थित धर्म प्रेमी जनता को अपने भाइयों से मंत्रमुग्ध करते हुए नवरात्रि पर्व की बधाई दी। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे से लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड़ सहित अखिल भारतीय श्याम परिवार,श्री श्याम मित्र मंडल सहित सम्मानित लोगो मे माँ की चौकी में माथा टेका।समिति के वरिष्ठ सेवादार डॉ सोनू विश्वास ने कहा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी माँ का सुंदर दरबार सजाया गया है उन्होंने कहा आज नवरात्रि का चौथा दिन है जिसमे मैया के कुष्मांडा स्वरूप की पूजा की जाती है। उन्होंने कहा चौत्र नवरात्रि का पावन पर्व आदिशक्ति मां दुर्गा को समर्पित है चौत्र नवरात्रि का पहला दिन हिंदू नव वर्ष का आगमन माना जाता है पूरे भारत में नवरात्रि का त्यौहार धूमधाम से मनाया जाता है पूरे साल में कोई चार नवरात्रि मनाई जाती है जिसमें दो गुप्त और दो प्रत्यक्ष नवरात्रि होती है नवरात्रि के 9 दिन मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की विधिवत पूजा अर्चना की जाती है। उन्होंने दरबार में आए सभी श्रद्धालुओं का दरबार में पहुंचने पर आभार प्रकट किया। मां के चरणों में हाजिरी लगाने के लिए भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा जी पूर्व कैबिनेट मंत्री क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे जी एवं आयोजन समिति के डॉक्टर सोनू विश्वास कपिल चंद्रा गौरव श्रीवास्तव कपिल सक्सेना अन्नू श्रीवास्तव जितेश मेलकनी महक चौधरी विकास चौधरी दीपक मेलकनी डॉ राजू श्रीवास्तव हैप्पी सिंह विक्की कन्नू आदि उपस्थित रहे।










# परिवहन मजदूर संघ के धर्मवीर शाखा अध्यक्ष और ललित मंत्री निर्वाचित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तरांचल परिवहन मजदूर संघ शाखा रुद्रपुर की बैठक शाखा कार्यालय में शाखा अध्यक्ष हरभजन सिंह की अध्यक्षता व रूपसिंह के संचालन में आयोजित हुई। रूप सिंह ने कहा कि बताया कि आज निगम का पीक सीजन चलने वाला है लेकिन निगम के पास आवश्यक बस का नही है। जिससे निगम की आप प्रभावित होगी। बैठक में संगठन द्वारा सरकार से मांग की गई कि पर्यटन सीजन एवं चारधाम यात्रा को देखते हुए निगम को बसों का बेड़ा उपलब्ध कराया जाए। बैठक में प्रांतीय संगठन मंत्री श्री बालहान आर्य ने बताया कि रूद्रपुर में पीपीमोड में बनाये जा रहे बस अड्डे को बसों की पार्किंग अत्यधिक छोटी बनाई जा रही है। जबकि निगम स्टेशन की अधिक भूमि पर मार्केट बाजार मॉल बिल्डर द्वारा नीजि लाभ हेतु बनाया जा रहा है जो कि निगम सम्पत्ति का दुरुपयोग है। पार्किंग एवं कार्यशाला को वडा बनाया जाय ताकि भविष्य में पुनः पूर्व की भांति जाम न लगे। बैठक के पश्चात अध्यक्ष हरभजन सिंह द्वारा पूर्व कार्यकारणी को भंग कर क्षेत्रीय मंत्री ललित पाण्डे व नवनीत कपिल को नयी कार्यकारिणी के गठन हेतु आमंत्रित किया। क्षेत्रीय मंत्री ललित पाण्डे ने नई कार्यकारणी की घोषणा सर्वसम्मति से की। बैठक में हरभजन सिंह, रूप सिंह, बालकृष्ण शर्मा, नवनीत कपिल, प्रेम दुम्का, नरेन्द्र पलडिया श्रीमती लीला बोरा, ललित पाण्डे, धर्मवीर सिंह, रामकुमार प्रभाकर, योगेन्द्रपाल सिंह, अवतार सिंह, रंजीत कौर, जगदीश अधिकारी, नवनीत सक्सेना, ईश्वर कुमार, कुशाल सिंह, मनोज गुरुरानी, शंकर गहतोड़ी, जसवन्त सिंह, बलवीर सिंह आदि उपस्थित थे। नवगठित शाखा कार्यकारिणी में धर्मवीर सिंह अध्यक्ष, जगदीश अधिकारी उपाध्यक्ष प्रथम, अवतार सिंह उपाध्यक्ष द्वितीय, ललित मोहन पाण्डे मंत्री, योगेंद्र पाल सिंह, पुरुषोत्तम कुमार संयुक्त मंत्री, कुशाल सिंह संगठन मंत्री, मनोज गुरुरानी



कोषाध्यक्ष, ईश्वर कुमार प्रचार मंत्री, गीता देवी कार्यालय सचिव चुनी गई। इसके अलावा रंजीत कौर, शंकर गहतोड़ी, बलवीर सिंह, सुनील कुमार व जसवंत सिंह कार्यकारिणी सदस्य, नवनीत सक्सेना संप्रेक्षक, हरभजन सिंह, रूप सिंह, रामकुमार प्रभाकर व नरेंद्र पलड़िया क्षेत्रीय सदस्य चुने गए।

# किसानों को हुए नुकसान का आंकलन करने के निर्देश

गदरपुर(उद संवाददाता)। विगत दिनों हुई बारिश से तहसील क्षेत्र के किसानों की गेहूं एवं सरसों की तैयार फसल को हुए नुकसान को लेकर विधायक अरविन्द पाण्डे ने तहसील में बैठक कर संबंधित अधिकारियों से नुकसान की रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश दिये। पूर्व कैबिनेट मंत्री तथा गदरपुर विधायक अरविंद पांडे ने तहसील में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि बारिश तथा तेज हवाओं से तहसील क्षेत्र गदरपुर के किसानों की गेहूं तथा सरसों की तैयार फसल को बहुत अधिक नुकसान हुआ है। किसानों की छह माह की खून



पसीने की मेहनत जो कि मात्र 10 दिनों के अन्दर उपज के रुप में किसानों के घर पहुंचती वह नष्ट हो चुकी है। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के किसानों की लगातार कई फसलें दैवीय आपदा की भेंट चढ़ चुकी हैं जिन किसानों कि खड़ी फसल खराब हो चुकी है। उन्होने कहा कि उन किसानों की फसलों का सर्वे किया जाए और उचित मुहावजा दिया जाए। इस मौके पर तहसीलदार पूजा शर्मा , आर के लवकेश शर्मा, कानूनगो लक्ष्मण कंबोज, कांनूगो गरीब सिंह राणा, व अन्य कर्मचारी समेत दो दर्जन से अधिक किसान मैजूद थें । इस दौरान पांडे ने नुकसान हुए फसलों का भी निरीक्षण किया।

# पोषण जागरूकता रथ को सीडीओ ने दिखाई हरी झण्डी

रूद्रपुर। शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने विकास भवन परिसर से पोषण पखवाड़े के अन्तर्गत पोषण के प्रति जनजागरूकता हेतु जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर श्री मिश्रा ने कहा कि पोषक तत्व शरीर के लिए बहुत आवश्यक हैं और कार्यों के संचालन के लिए आवश्यक एवं महत्वपूर्ण होते हैंउन्होंने कहा कि पोषक तत्व ऊर्जा उत्पादन, उपापचय क्रिया, शारीरिक वृद्धि, अनुवांशिकता, शरीर में टूट-फूट की मरम्मत आदि अनेकों कार्य इनके द्वारा ही होता है। उन्होंने कहा कि पोषण की कमी से विभिन्न प्रकार के रोग होने के संभावनाएं बढ़ जाती हैं। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी उदय प्रताप सिंह ने बताया कि पोषण के प्रति जन-जागरूकता हेतु कृषि विभाग के समन्वय से पोषण रथ को जनपद के सभी विकासखण्डों में भेजा जा रहा है। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी उदय प्रताप सिंह, मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# सखी सहेली ग्रुप ने कराया सुंदर काण्ड पाठ

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। देश की सुख-समृद्धि, सुरक्षा, अमन -चैन के लिये नवसम्वत्सर एवं नवरात्रि के पावन अवसर पर सखी सहेली ग्रुप द्वारा श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय रेलवे बाजार में सुन्दर कांड का भव्य आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर मनोज कुमार पाण्डेय के सानिध्य में विद्यालय के



विद्यार्थियों एवं उपस्थित महिलाओं द्वारा सस्वर सुन्दर कांड, भजन,कीर्तन करते हुये भक्तिभाव से सबको भक्तिविभोर कर देश में सुख-समृद्धि, अमन-चैन, सुरक्षा की ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर सखी सहेली ग्रुप अध्यक्ष मंजू वार्ष्णेय, महामंत्री सुमन वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष खुशबू जायसवाल, तृप्ति वार्ष्णेय, संरक्षिका शकुन्तला वार्ष्णेय, सुचित्रा जायसवाल सहित समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे ।

# नमामि गंगे की छात्राओं की वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता शुरू

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। इंदिरा प्रियदर्शनी राजकीय महिला स्नातकोत्तर वाणिज्य महाविद्यालय हल्द्वानी में नमामि गंगे में पंजीकृत छात्राओं द्वारा वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। जिस कार्य को पूर्ण करने के लिए छात्राओं



को एक सप्ताह का समय दिया गया है। पेंटिंग प्रतियोगिता को लेकर छात्राओं में काफी उत्साह दिख रहा है। सभी छात्राएं इस प्रतियोगिता में बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग कर रही हैं। इस अवसर पर नमामि गंगे समिति की सदस्य डा. गीता पंत, डा. ऋतुराज पंत, डा. ललिता जोशी, डा. जीवन सिंह गड़िया आदि उपस्थित रहे।

# नंदाष्टमी मेले की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित

गरुड़(उद संवाददाता)। गरूड़ क्षेत्र के सुप्रसिद्ध मां कोट भ्रामरी मंदिर में आगामी चौत्र नंदाष्टमी मेले का भव्य आयोजन होगा, आयोजन को लेकर ब्लाक प्रमुख हेमा बिष्ट की अध्यक्षता में बैठक हुई,मेले के भव्य आयोजन को लेकर प्रशासन और पुलिस और जनप्रतिनिधियों की बैठक हुई।कुमाऊ और गढ़वाल मंडल के मध्य कत्यूरी राजाओं और राजुला मालसाई की परिप्रष्टभूमि में स्थित मां कोट भ्रामरी को दोनों मंडलों के लोगों की आस्था का मध्य बिंदु समझा जाता है, नवरात्रि के शुभ अवसर पर मां कोट भ्रामरी मंदिर में नंदाष्टमी मेले का आयोजन होता है जहां हजारों की संख्या में देश प्रदेश से श्रद्धालु पहुंचते हैं, वहीं कत्यूर घाटी के लोगों की भी मां कोट भ्रामरी में असीम आस्था रहती है, भव्य रंग देने के उद्देश्य से प्रशासन भी पूरा सहयोग प्रदान करेगा,एसडीएम राजकुमार पांडे ने कहा कि मेलार्थियों को मेले के दौरान समुचित व्यवस्था प्रदान की जाएंगी, बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष मंगल राणा, सुनील दोसाद देवेंद्र गोस्वामी चंदन बोरा खंड शिक्षा अधिकारी कमलेश्वरी मेहता, थानाध्यक्ष बैजनाथ प्रल्हाद सिंह आदि उपस्थित रहे।






# श्रद्धा पर्व मनाए जाने को लेकर तैयारियां जारी

काशीपुर(उद संवाददाता)। रामनगर के तीर्थ सीतावनी में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 26 अप्रैल को भगवान बाल्मीकि के श्रद्धा पर्व मनाए जाने को लेकर तैयारियां जोर-शोर से जारी है। इसी को लेकर भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज द्वारा लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में एक जरूरी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन के राष्ट्रीय प्रमुख भीम अनार्य ने कहा कि वाल्मीकि तीर्थ सीतावनी हमारी आस्था का केंद्र है। और प्रदेशवासियों के साथ उत्तराखंड के वाल्मीकि समाज की भावनाएं भी उससे जुड़ी हैं। समाज के लोग इस तीर्थ पर आगामी 26 अप्रैल श्रद्धा पर्व के मोके पर भारी भीड़ के साथ पहुंचने का आह्वान किया है। बैठक में समाज के लोगों में इस पर्व को मनाये जाने के लिए उत्सुक दिखे। लोगों से कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान करने हुए



बैठक का समापन किया गया। बैठक के दौरान नीरज पराशर ,राकेश दानव ,कैलाश एकलव्य ,शिव नन्दन टाक, सतीश पारछे, राहुल राही,शेखर आजाद ,वघ्ज चौधरी,राजू अम्बेडकर,किलैन्दर वाल्मीकि, एकलव्य वाल्मीकि,दलीप वाल्मीकि, रवि वाल्मीकि,विनोद सूद, राजीव वाल्मीकि,विनोद कुमार, संतोष वाल्मीकि,मोनू वाल्मीकि, चौधरी मुकेश,आदि उपस्थित रहे।

उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## स्कूल में दरिंदगी

राजधानी होने के नाते दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था के अन्य जगहों के मुकाबले बेहतर और चौकस होने की उम्मीद की जाती है, मगर अन्य वारदात से लेकर खासतौर पर महिलाओं के खिलाफ अपराध की स्थिति में सुधार होता नहीं दिख रहा हैदिल्ली के एक स्कूल में जिस तरह एक बच्ची से सामूहिक बलात्कार की घटना सामने आई है, उससे फिर यही पता चलता है कि यहां के आपराधिक परिदृश्य पर काबू पाने के लिए किए जाने वाले तमाम दावों के बावजूद महिलाओं का हर वर्ग बेहद असुरक्षा और जोखिम के दौर से गुजर रहा है। दिल्ली नगर निगम के स्कूल में पढ़ने वाली बच्ची महज दस साल की है और मुख्य अपराध ी उसी स्कूल का चपरासी है। यह अजीब है कि कई स्तर पर जिस व्यक्ति की वजह से स्कूल के बच्चे खुद को सुरक्षित महसूस करते, उसी ने एक बच्ची को अपनी दरिंदगी का शिकार बना लिया। उस व्यक्ति के भीतर दबी आपराधिक कुंठा का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि उसने न केवल खुद यह अपराध किया, बल्कि अपने कुछ साथियों को भी इसमें भागीदार बनाया। घटना का पता भी तब चल सका, जब बच्ची ने स्कूल आना बंद कर दिया, परीक्षा में भी अनुपस्थित रही और एक शिक्षिका ने उसके परिवार से संपर्क किया।विडंबना है कि जिन स्कूलों को बच्चों के लिए सुरक्षित परिसर माना जाता है, वहां भी इस बात की गारंटी नहीं है कि बच्चे अपने खिलाफ किसी आशंका से पूरी तरह मुक्त होंगे। लेकिन यह स्कूल के दायरे में प्रशासन और दिल्ली की कानून-व्यवस्था पर एक गहरा सवाल जरूर है कि आखिर वहां के एक कर्मचारी के भीतर कानून का खौफ क्यों नहीं था। सही है कि एक घटना को आधार बना कर सभी स्कूलों को एक ही कठघरे में नहीं खड़ा किया जाना चाहिए। साथ ही किसी व्यक्ति के भीतर छिपी कुंठा का पता लगाना इतना आसान नहीं होता। लेकिन स्कूल जैसी जगह में सुरक्षा व्यवस्था, वहां पढ़ने वाले बच्चों के सुरक्षित आने और वहां से घर जाने को लेकर एक तंत्र और नियम-कायदे जरूर होने चाहिए, जिसमें किसी आपराधिक मानसिकता वाले व्यक्ति को कुछ भी अवांछित करने की हिम्मत न हो और ऐसा करने की गुंजाइश न बने। स्कूलों में प्रबंधन और उससे जुड़े लोग कुछ हद तक अपनी ओर से सजगता बरतते हैं, लेकिन व्यवस्था के स्तर पर यह सुनिश्चित न होने के चलते मौके की ताक में बैठे अपराधी कई बार अपनी मंशा में कामयाब हो जाते हैं। विडंबना यह है कि राजधानी होने के नाते दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था के अन्य जगहों के मुकाबले बेहतर और चौकस होने की उम्मीद की जाती है, मगर अन्य वारदात से लेकर खासतौर पर महिलाओं के खिलाफ अपराध की स्थिति में सुधार होता नहीं दिख रहा है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के पिछले साल आए आंकड़ों के मुताबिक दिल्ली में 2021 में महिलाओं के विरुद्ध अपराध के मामलों में इकतालीस फीसद तक की बढ़ोतरी हुई, वहीं बच्चों के खिलाफ अपराधों में बत्तीस फीसद का इजाफा हो गया। ये आंकड़े बताते हैं कि देश की राजधानी में महिलाएं और खासतौर पर कम उम्र की बच्चियां किस स्तर की असुरक्षा से गुजर रही हैं। एक तरह से उनका घर से कहीं भी बाहर निकलने और सुरक्षित लौट आने का रास्ता जोखिम से होकर गुजरता है, वह बाजार हो या स्कूल। यह स्थिति तब है, जब महिलाओं के खिलाफ अपराधों को लेकर सरकारों, पुलिस महकमों से लेकर समाज तक की ओर से अक्सर चिंता जताई जाती है, आंदोलन भी होते रहते हैं, तमाम कानून भी हैं। लेकिन अगर सामाजिक जागरूकता, संवेदनशीलता से लेकर सुरक्षा के मोर्चे पर महिलाएं और बच्चियां हर वक्त खतरे से दो-चार हैं, तो संपूर्णता में उस व्यवस्था को कैसे देखा जाएगा।

# जीवन में आगे बढ़ने के लिए सही लक्ष्य व समय का सदुपयोग जरूरी: आचार्य प्रशान्त

ऋषिकेश (उद संवाददाता)। प्रशान्तअद्वैत संस्था के संस्थापक एवम पूर्व सिविल सेवा अधिकारी आचार्य प्रशान्त ने देहरादून मार्ग पर स्थित होटल होली विवासा में आयोजित काल अर्थात समय की व्याख्या करते हुए कहा कि समय दुनिया की सबसे मूल्यवान और कीमती चीज है। मैं हूँ और दुनिया है, इससे द्वैत बनता हैघ् इससे समय की निर्मित्ति होती है अहम को लगता है कि अहंकार बदलता है नीयत के हिसाब से।षविज्ञान को काम है प्रकृति में जो कुछ चल रहा है वो खोलकर रख देना। जबकि प्रकृति अपने नियमों पर चलती है। उन्होंने समझाया अध्यात्म का उद्देश्य मानसिक समय को समाप्ति।ष्सरल होने के लिए बड़ी मेहनत करनी पड़ती है सत्य-द्रोह सत्य से द्रोह करना है अद्वैत से द्वैत का निर्माण, ही पहली बेवफाई है। आप हैं तो वर्तमान नहीं हो सकता । उन्होंने कहा कि हमें और समाज को बेहतर कल की ओर बढ़ने में मदद मिलेगी। इसके अलावा, हमें अपने बच्चों को समय के महत्व और मूल्य को सिखाना चाहिए। उन्होंने कहा कि समय का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए हमें कुछ बिंदुओं पर विचार करना चाहिए जो हमारे पूरे जीवन में हमारी मदद करेंगे। इस उपयोग में लक्ष्य निर्धारित करना, कार्य सूची तैयार करना, कार्य को इसलिए, यह आपको जीवन में आगे बढ़ने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि हालांकि अधिकांश लोगों को तब तक यह समझ नहीं आता है कि जब तक उन्होंने इसे खो नहीं दिया कि समय कितना मूल्यवान है। इसके अलावा, दुनिया में ऐसे लोग हैं जो समय के साथ पैसे को प्राथमिकता देते हैं क्योंकि उनके अनुसार, समय कुछ भी नहीं है। लेकिन, उन्हें इस तथ्य का एहसास नहीं है कि यह समय है जिसने





उसके दो टुकड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि इसलिए अहम और प्रकृति में एक संबंध बनता है अपूर्ण से पूर्ण होने की कोशिश में। उन्होंने बताया कि हम जिससे रिश्ता बनाते हैं, उसको भी बदल देते हैं।अपूर्ण का अपने प्रति असंतोष समय है। समय चलता रहता है क्योंकि हम लगातार बने रहते हैं। संबंध सही है तो आदान-प्रदान ज्ञान में होगा। जबतक आकर्षण कम नहीं होगा, तबतक रिश्ता अच्छा नहीं होगा। आचार्य प्रशान्त ने कहा कि प्यास मेरी हर कोशिका में है। प्रकृति बदलते है नियम के हिसाब से और नियत का साफ होना ही वर्तमान में स्थित होता है। खुबसूरत जहाँ अहम नहीं है, वहाँ सौंदर्य है।दृष्टा निर्विकार है तो पूरी प्रकृति सुंदर है। हमेशा दृष्टा में ही होता है ।सौंदर्य वहाँ खोजिए जहाँ साधुता है उन्होंने कहा कि समय का बहुत महत्व है और इसका गहरा अर्थ है। इसलिए सफल जीवन के लिए समय के महत्व को समझना जरूरी है। समय प्रबंधन हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। काल अर्थात समय की व्याख्या करते उन्होंने कहा कि समय दुनिया की सबसे मूल्यवान और कीमती चीज है। इससे प्राथमिकता देना शामिल हैं। उन्होंने कहा कि शुरुआत में, यह एक उबाऊ कार्य की तरह महसूस होगा लेकिन जब आप इसे नियमित रूप से करेंगे तब आपको महसूस होगा कि यह केवल आपकी ऊर्जा बढ़ाने में आपकी मदद करता है। अंततः, यह आपको जीवन में अधिक हासिल करने के लिए मजबूर करेगा। आचार्य प्रशान्त ने कहा कि कार्य को प्राथमिकता देना समय के प्रबंधन का एक बहुत प्रभावी तरीका है। साथ ही, इसकी वजह से, आप विभिन्न कार्य और नौकरियों के महत्व को जान पाएंगे उन्हें पैसा कमाने का अवसर दिया है। इसके अलावा, समय ने हमें समृद्धि और खुशी दी है और इसके विपरीत, इसने हमें दु:ख और शोक भी दिए हैं। लेकिन, वे भूल जाते हैं कि उनके पास सीमित समय है। दुनिया में समय ही एकमात्र ऐसी चीज है जो असीम है। हम कह सकते हैं कि समय ईश्वर का सबसे बड़ा उपहार है। इसके अलावा, एक कहावत है कि "यदि आप समय बर्बाद करते हैं, तो समय आपको बर्बाद करेगा।" केवल यह रेखा यह बताने के लिए पर्याप्त है कि समय कितना महत्वपूर्ण और मूल्यवान है।

# लोगों की आजीविका को बढ़ाकर की जा सकती है वनों की रक्षा

देहरादून (उद संवाददाता)। भा.वा.अ.शि.प. में चल रही अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला के तीसरे और अंतिम दिन, "कार्बन पृथक्करण क्षमता की वृद्धि और वन कार्बन स्टॉक का आकलन" तथा "सतत भूमि एवं पारितंत्र प्रबंधन (स्लेम) ज्ञान का साझाकरण और प्रसार" पर दो सत्र आयोजित किए गए। वन पारितंत्र की उच्च कार्बन पृथक्करण क्षमता के कारण वन पारितंत्रों पर कार्बन एक्सचेंज की नियमित निगरानी, जलवायु संबंधी नीति निर्णय की कुंजी है। भूटान, बांग्लादेश, नेपाल और भारत में वन कार्बन आकलन की पहलों पर किए जा रहे कार्यों की चर्चा संबंधित देशों के प्रतिनिधि वक्ताओं द्वारा की गई। भा.वा.अ.शि.प. की सक्रिय सहयोग से भारत में घरेलू वन कार्बन बाजार विकसित करने की आवश्यकता पर विचार-विमर्श किया गया। कंबोडिया, मलेशिया, फिलीपींस और भारत में कार्बन निगरानी के संदर्भ में, जापान के वक्ता ने जलवायु परिवर्तन न्यूनीकरण और सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए भू-स्थानिक डेटा और उन्नत मशीन लर्निंग की भूमिका पर प्रकाश डाला, जो पेरिस समझौते के बेहतर कार्यान्वयन और रेड्ड+ आकलन के लिए वन प्रबंधन पद्धतियों के लिए नीति निर्माताओं की मदद करेगा। कार्बन प्रवाह को मापने के लिए, एड्डी कोवैरियेंस फ्लक्स टावर प्रमुख भूमिका निभाते हैं। राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र और भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान द्वारा भारत के नौ अलग-अलग स्थानों में फ्लक्स टावर स्थापित किए गए हैं, जबकि भा.वा.अ.शि.प. द्वारा मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में दो टावर स्थापित किए गए हैं। इसी तरह, सारावाक, मलेशिया में एशिया फ्लक्स नेटवर्क ने पीटलैंड्स (एक अद्वितीय आर्द्रभूमि पारितंत्र) कार्बन कोरिया के वक्ता द्वारा जलवायु वित्त और न्यूनीकरण तथा अनुकूलन पर प्रभाव की निगरानी में संबंधित चुनौतियों से निपटने में ग्रीन क्लाइमेट फंड की भूमिका पर चर्चा की गई।विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित पारितंत्र सेवाएँ सुधार परियोजना (म्पेच) के माध्यम से भा.वा.अ.शि.प. भूमि क्षरण के मुद्दों को दूर करने और पारितंत्र सेवाओं में सुधार के लिए स्लेम पारितंत्र प्रबंधन की संस्थागत और नीतिगत मुख्यधारा के लिए एक रोडमैप विकसित किया है और भूमि क्षरण एवं मरुस्थलीकरण और स्लेम सर्वोत्तम पद्धतियों को बढ़ाने और मुख्यधारा में लाने के लिए एक ऑनलाइन राष्ट्रीय रिपोर्टिंग पोर्टल श्स्लेम नॉलेज शेयरिंग एंड रिपोर्टिंग सिस्टमश विकसित किया है। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में बंजर भूमि



संतुलन के साथ-साथ कार्बन पृथक्करण के लिए जिम्मेदार कारकों की पहचान की है। जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क समझौते के तहत, ग्रीन क्लाइमेट फंड पेरिस समझौते के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए धन प्रवाह में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। ग्रीन क्लाइमेट फंड ने वर्तमान में दुनिया भर में 200 से अधिक परियोजनाओं में 11 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश के बजट को मंजूरी दी है, जिनमें से 84 वानिकी क्षेत्र में हैं। दक्षिण पद्धतियों के माध्यम से ग्रीन इंडिया मिशन और स्पथ्म मिशन को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्राकृतिक संसाधनों, जैव विविधता और कार्बन स्टॉक के बेहतर प्रबंधन के लिए पारितंत्र सेवाएं सुधार परियोजना के माध्यम से पेश किए गए नए उपकरण और प्रौद्योगिकियों से मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के लगभग 25,000 वनवासियों, छोटे भूमिधारकों और सीमांत किसानों को सीधा लाभ हुआ है। भा.वा.अ.शि.प. ने भारत में सतत भूमि और की बहाली की सफलता की कहानियां भी संबंधित राज्य वन विभागों द्वारा प्रस्तुत की गई। खाद्य एवं कृषि संगठन के प्रतिनिधि ने संगठन के ज्ञान साझा करने के निर्देशों के अनुसार एफएओ द्वारा समर्थित वन और परिदृश्य बहाली हेतु क्षमता निर्माण के बारे में विस्तार से बताया।भा.वा.अ.शि.प. के महानिदेशक की अध्यक्षता में अंतिम सत्र के दौरान विशेषज्ञों के पैनल द्वारा विभिन्न सत्रों से प्राप्त सिफारिशों पर चर्चा की गई।

## आग की भेंट चढ़ी मजदूर की झोपड़ी

बिन्दुखत्ता (उद संवाददाता)। इमली घाट के समीप मजदूर की झोपड़ी आग की भेंट चढ़ गयी। जानकारी के अनुसार गौला नदी के ट्रैक्टर चला कर अपना गुजर-बसर करने वाले और रोशन आर्य की झोपड़ी में देर रात अचानक आग लग गई। देखते ही देखते झोपड़ी जलकर पूरी तरह राख हो गई। रोशन किसी तरह जान बचाकर झोपड़ी से बाहर निकला। लेकिन अग्निकाण्ड में रोशन आर्य की दो बकरियां बिस्तर राशन और झोपड़ी में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। इसके अलावा एक भैंस भी बुरी तरह जल कर झुलस गई। बताया जा रहा है कि आग रात 11 बजे के आसपास लगी फिलहाल रोशन आर्य पूरी तरह बेघर हो गया है।



## आकाशीय बिजली से दस बकरियों की मौत

कपकोट (उद संवाददाता)।क्षेत्र में इन दिनों मौसम का मिजाज पूरी तरह बदला हुआ है। आकशीय बिजली व ओलावृष्टि से किसान से लेकर पशुपालन तक परेशान हैं। तहसील के गर्जिल के जंगल में आकाशीय बिजली गिरने से दस बकरियों की मौत हो गई है। तहसीलदार दिनेश चंद्र लोहनी ने बताया कि ग्राम तोली के दरबान सिंह पुत्र मदन सिंह की दस बकरियां गर्जिल के जंगल में चुगान के लिए गई थीं। गुरुवार अपराह्न तीन बजे करीब आकाशीय बिजली गिरने से उनकी मौत हो गई। राजस्व निरीक्षक भराड़ी की सूचना के बाद पशु चिकित्साधिकारी द्वारा घटना की जानकारी जुटाई जा रही है।

# राहुल की लोकसभा सदस्यता रद करने पर फूंका सरकार का पुतला

बागेश्वर (उद संवाददाता)।कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधाी की लोकसभा की सदस्या रद्द करने पर कांग्रेस में उबाल आ गया है। नाराज कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार पर तानाशाही का आरोप लगाया। देश को आजाद कराने मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस को सत्ता दल भाजपा सरकार देश में सत्ता पर काबिज होने पर एकतरफा राज करने की नीति से विपक्ष को लगातार सत्ता की हनक में कमजोर कर रही है, आरोप लगाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के पुतले को आग के हवाले किया। कहा कि जब तक उनकी सदस्यता बहाल नहीं की जाएगी उनका आंदोलन जारी रहेगा। जिलाध्यक्ष भगवत डसीला के नेतृत्व में कार्यकर्ता शनिवार को एसबीआई तिराहे पर पहुंचे। यहां जोरादार नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि राहुल गांधी की सदस्यता रद करना भाजपा की बौखलाहट है। पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण ने कहा कि संसद में अदानी व मोदी के रिश्ते को लेकर राहुल गांधी ने जो सवाल किए उससे सरकार तिलमिला गई है। विपक्षी दल लगातार केंद्र सरकार की गलत नीतियों और प्रमुख उद्योगपति को पनाह देने की नीति के खिलाफ विरोध कर रही है, कहा कि सरकार तानाशाही पर उतर आई है, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता इस तरह की तानाशाही को कतई नहीं पनपने देगी।अब जमाखोरों पर कार्रवाई नही होना पूंजीपतियों द्वारा देश की अर्थव्यवस्था में जमाखोरी से देश के धन को जमा कर रहे है,इसके लिए केंद्र सरकार की चुप्पी और सर्जिकल स्ट्राइक का दावा केवल दिखावा बताया,इसके बाद केंद्र के पुतले को आग के हवाले किया। इस मौके पर भुबन पाठक, व्यापार मंडल अध्यक्ष कवि जोशी,भगवत डसीला, कुंदन गिरी, हरीश त्रिकोटी, किशन गिरी, ललित बिष्ट, रणजीत दास, गीता रावल,सुनीता टम्टा,राजेंद्र परिहार,सुनील भंडारी, दरपान राम आदि मौजूद रहे। उधर कपकोट में भी ब्लॉक अध्यक्ष दीपक गड़िया के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्तांटों ने केंद्र सरकार का पुतला दहन किया गया। इस मौके पर पूर्व जिपं अध्यक्ष हरीश ऐठानी,नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद बिष्ट,गिरीश ऐठानी, प्रकाश कांडपाल, दीपक ऐठानी, प्रवीण ऐठानी, डूंगर सिंह रावत, उमेद गढ़िया, दरवान कपकोटी, गणेश ऐठानी आदि मौजूद रहे।



# पौराणिक मंदिरों का सुंदरीकरण और जीर्णोद्धार कर रही सरकार : जोशी

हरिद्वार(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि संतों के आशीर्वाद से केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार देश के विकास में लगी हुई है उन्होंने कहा कि संत भारत की आध्यात्मिक शक्ति के परिचायक हैं जब भारत में आध्यात्मिक रूप से तरक्की की तब भारत ने विश्व गुरु का दर्जा पाया। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी चौत नवरात्रि के अवसर पर हरिद्वार की आध्यात्मिक यात्रा में आए हुए थे उन्होंने आज जगतगुरु आश्रम कनखल में पहुंचकर शंकराचार्य स्वामी राज राजेश्वराश्रम महाराज के दर्शन किए और उनसे आशीर्वाद लिया इस अवसर पर शंकराचार्य को मंत्री गणेश जोशी ने शॉल रुद्राक्ष की माला और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका अभिनंदन किया इसके बाद कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने श्री निरंजनी पंचायती अखाड़े के सचिव अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत रविंद्रपुरी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया और उन्हें रुद्राक्ष की माला शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया महंत रवींद्र पुरी महाराज ने उन्हें मनसा देवी की चुनरी नारियल और प्रसाद भेंट किया कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने श्री निर्मल पंचायती अखाड़े में जाकर अखाड़ा के कोठारी में महंत जसविंदर सिंह महाराज से मुलाकात की और उनका आशीर्वाद लिया गणेश जोशी निर्मल पंचायती अखाड़े में गुरु ग्रंथ साहब के प्रकाश स्थान पर भी गए और



मत्था टेका इस अवसर पर महंत जसविंदर सिंह महाराज ने उन्हें सरोपा भेंट किया। गणेश जोशी ने कहा कि संतों का ह्रदय निर्मल होता है और संत हमेशा राष्ट्र निर्माण में लगे रहते हैं आज भारत फिर से यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारे पौराणिक मंदिरों के सुंदरीकरण और जीर्णोद्धार में लगा है और जिससे पूरे विश्व में भारत की आध्यात्मिकता का और हमारी संस्कृति का संदेश जा रहा है उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में जी-20 देशों की तीन महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की गई हैं इन बैठकों में जी-20 देशों के प्रतिनिधियों को भारत और उत्तराखंड की संस्कृति से रूबरू कराया जाएगा उन्होंने कहा कि जी-20 देशों के आयोजन में उत्तराखंड के मोटे अनाज और यहां के अन्य पारंपरिक के व्यंजन परोसे जाएंगे जिससे पूरे विश्व में उत्तराखंड के पारंपरिक भोज का प्रचार प्रसार हो सके। शंकराचार्य स्वामी राज राजेश्वराश्रम महाराज ने कहा कि उत्तराखंड युवा यशस्वी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व और अनुभवी राजनेता कैबिनेट मंत्री पूर्व सैनिक गणेश जोशी के मार्गदर्शन में तेजी से तरक्की कर रहा है उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एक जनप्रिय नेता है और उनका मुख्यमंत्री के रूप में1 साल का कार्यकाल स्वर्णिम अक्षरोंमें लिखा जाएगा इस अवसर पर महेंद्र रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि उत्तराखंड सरकार पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य में विकास की नई धारा प्रवाहित कर रही है उन्होंने गणेश जोशी को एक सच्चा राष्ट्रभक्त बताया और कहा कि उनके भीतर एक सैनिक का का खून है और पुष्कर सिंह धामी सरकार द्वारा देहरादून में शहीदों की स्मृति में बनाए जा रहे सैन्य पार्क की जमकर तारीफ की है महंत जसविंदर सिंह महाराज ने कहा कि उत्तराखंड की पुष्कर सिंह धामी सरकार ने 1 साल के कार्यकाल में राज्य के विकास के लिए अच्छा कार्य किया है और समान नागरिक संहिता विधेयक को लागू करने का संकल्प लिया है जिससे राज्य और अधिक मजबूत होगा। इस अवसर पर विभिन्न में संत मौजूद थे।

# दो बीडीसी सदस्यों समेत कई लोगों ने थामा भाजपा का दामन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ग्राम बरीराई सुंदरपुर क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी की रीति नीतियों से प्रभावित होकर बीडीसी सदस्य कौशल विश्वास, बीडीसी सदस्य जितेंद्र नाथ रॉय, पंकज सरदार, वार्ड मेम्बर सचिन सरकार, वरिष्ठ समाज सेवी सत्यरंजन मण्डल, तरुण मिस्त्री समेत कई कांग्रेसियों ने अपने समर्थकों के साथ विधायक शिव अरोरा के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने कहा सुंदरपुर क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी का आज ग्राफ बढ़ा है। जो लो लोग आज भाजपा में शामिल हुए है उनके आने से भाजपा को और मजबूती



मिलेगीं । विधायक अरोरा ने कहा आज देश की हर दल के कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी की ओर देख रहे है, जिसके परिणाम स्वरूप कांग्रेस एक डूबता हुआ जहाज बन चुकी है जिसपर कोई सवार नही होना चाहता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जो देश की तस्वीर बदली है वह हर भारतीय नागरिक को गर्व की अनुभूति करवा रही है । देश आज विश्व पांचवी अर्थव्यवस्था बन के उभरा है वही प्रदेश में धामी सरकार के लगातार राज्य हित मे लिये गये महत्वपूर्ण निर्णय से देवभूमि उत्तराखंड को आने वाले समय मे एक नई पहचान मिलने वाली है । विधायक शिव अरोरा ने सभी कांग्रेस छोड़ भाजपा में आये लोगो का माला पहनाकर स्वागत किया और आशा व्यक्त की आप सभी पूरी निष्ठा के साथ भारतीय जनता पार्टी की रीति नीतियों को आगे बढ़ते हुए संगठन को ओर मजबूत करने का कार्य करेंगे। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष हरीश भट्ट, जिला महामंत्री अमित नारग, जगदीश विश्वास, सुब्रत बछाड,आयुष चिलाना, उपकार सिंह, नन्दू राय, विपुल नारंग, अतुल मण्डल,सुबल मण्डल,रतन बैरागी,आशुतोष आदि थे।

# जन सेवा थीम पर बहुउद्देशीय एवं चिकित्सा शिविर आयोजित

कपकोट(उद संवाददाता)। सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर शनिवार केदारेश्वर मैदान कपकोट में एक साल नई मिसाल कार्यक्रम आयोजित किया। जन सेवा थीम पर बहुउद्देशीय एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिसका शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष बसंती देव, विधायक सुरेश गढ़िया और जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने संयुक्त रूप से किया। विकास प्रदर्शनी देखी। चेक वितरण,पोषण,मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट,सीएम विवेकाधीन कोष के चेक और मुआवजा आदि वितरित किया गया।जिला पंचायतअध्यक्ष ने कहा कि सरकार का एक साल बेमिसाल रहा है। सभी क्षेत्रों में त्वरित गति से कार्य हुए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार को बढ़ाया है। मत्स्य पालन,फलोत्पादन, बेमौसमी सब्जी उत्पादन,छोटे उद्योगों लगे हैं।पारंपरिक उत्पाद मडुंवा,झिगोरा, पहाडी दालों का उत्पादन हो रहा है। महिला स्वंय सहायता समूह का गठन किया गया है। महिलाओं को आर्थिक



रूप से सशक्त किया जा रहा है। गोट वैली पर भी कार्य हो रहा है। विधायक गड़िया ने कहा कि कपकोट सीएचसी का विस्तारीकरण किया गया। जनपद में एक्सरे व अल्ट्रासाउंड मशीन लगी। रेडियोलाजिस्ट तैनात कर दिया जाएगा। बोरबलड़ा में 12 साल से रिक्त पड़े एएनएम की तैनाती हुई है। कपकोट विधानसभा को प्रदेश में सर्वोच्च स्थान पर लाने का प्रयास किया जा रहा है। जिलाधिकारी पाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जनपद के विकास में कर्मठता से कार्य कर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा इंद्र सिंह फर्स्वाण, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राम सिंह कोरंगा, विक्रम सिंह शाही, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चंपा देवी, मंडल अध्यक्ष भुवन गढिया, गिरिश परिहार, गिरिश जोशी, योगेश हरड़िया, भूपेंद्र गड़िया, जगदीश जोशी, निर्मला फर्त्याल, मनोहर राम, दयाल सिंह ऐठानी, शेर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी संजय सिंह, जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या, उपजिलाधिकारी मोनिका आदि उपस्थित थे। बागेश्वर शिविर में 22 शिकायतें पंजीकृत हुई। दिव्यांग प्रमाणपत्र, पंजीकरण, यूडीआइ कार्ड आधार कार्ड, बनाए गए। स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। 115 लोगों की जांच कर उन्हें निश्शुल्क दवा दी गई। किसानों को रसायन आदि वितरिरत किए गए। पशुपालन, महालक्ष्मी किट के साथ ही तीन प्रगतिशील किसानों को पुरस्कृत किया गया। विभिन्न विद्यालयों के बच्चों, जन जागृति कला समिति बिंदुखत्ता, जन कल्याण समिति कुंवारी ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। लोक गायक पूरन सिंह राठौर, प्रहलाद सिंह मेहरा ने सुंदर प्रस्तुति दी।

# केंद्र सरकार का पुतला फूंका

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)।कॉग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के लोकसभा से सदस्यता खारिज किये जाने के विरोध में ब्लॉक कॉग्रेस कमेटी व विधानसभा युवा कमेटी के नेतृत्व में कोंग्रेसजनों ने शक्तिफार्म के मुख्य बाजार के सुभाष चौक में केंद्र की भाजपा सरकार का पुतला दहन कर कड़ा रोष व्याक्त कर भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्य ने पार्टी कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुये कहा कि राहुल गांधी की सदस्यता खत्म करके लोकतंत्र की



हत्या की है। उन्होंने कहा की राहुल गांधी एक ऐसे नेता है,जो निडरता के साथ सरकार के सामने अपनी बात को रखते थे। केंद्र सरकार की तानाशाही किसी भी तरीके से बर्दाश्त नही की जायेगी।इस मौके पर युथ विधानसभा अध्यक्ष सुमिन्दर यादव,महिला ब्लॉक अध्यक्ष जानकी कोहली,शक्तिफार्म महिला अध्यक्ष सरस्वती वाला,भगवान पांडेय, मुकेश रावत,सागर मण्डल,वसीम मियां,उमा देवी,श्रीकान्त,निरज साहनी, शिवा गौत्तम,अवतार सिंह,समरजीत कौर,वलविंदर कौर,पूनम,गुरदीप सिंह,राकेश सागर आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पेज एक का शेष...

**केंद्र सरकार के खिलाफ...**की यह तानाशाही ब्रिटिश हुकुमत की याद दिलाती है। भाजपा सरकार देश में एकतरफा राज करने की नीति से विपक्ष को लगातार सत्ता की हनक में कमजोर कर रही है। भाजपा की इस तानाशाही को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। कांग्रेस जनता की अदालत में जायेगी और भाजपा की ऐसी नीतियों का डटकर विरोध करेगी।कार्यकारी जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने कहा कि राहुल गांधी की सदस्यता रद करना भाजपा की बौखलाहट है। संसद में अडानी और मोदी के रिश्ते को लेकर राहुल गांधी ने जो सवाल किए उससे सरकार बौखला गई है। विपक्षी लगातार केंद्र सरकार की गलत नीतियों और प्रमुख उद्योगपति को पनाह देने की नीति के खिलाफ विरोध कर रहा है, लेकिन सरकार तानाशाही पर उतर आई है। देश मे दस वर्षों में महंगाई से आम आदमी का जीना मुहाल हो गया है, कभी गैस के दामों में बढ़ोत्तरी को लेकर कांग्रेस सरकार को कोसने वाली भाजपा आज गैस के तिगुने दाम क्यों वसूल रही है भ्रष्टाचारमुक्त का दावा केवल विपक्षियों पर सत्ता की हनक दिखाने के लिए ही किया जा रहा है। विधायक का चुनाव लड़ चुकी मीना शर्मा ने कहा कि जैसे भारत की पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की सदस्यता खारिज की थी और उस समय जवाब में देश के जनमानस ने स्वर्गीय इंदिरा गांधी जी को पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में पहुंचाया था आज आम आदमी की आवाज राहुल गांधी की सदस्यता खारिज की है देश की जनता फिर से राहुल गांधी को सम्मान देकर इतिहास दोहराएगी। मोदी सरकार का देश के संविधान और लोकतंत्र पर विश्वास नहीं है इसलिए भाजपा सरकार ने तानाशाही से विपक्षी नेताओं के खिलाफ झूठे मुकदमे लिखवाकर इसे अपना हथियार बना लिया है। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष मीना शर्मा, हरीश पनेरू, अनिल शर्मा,सौरभ चिलाना, संजीव कुमार सिंह, मदन लाल खन्ना, मोहन खेड़ा, सीपी शर्मा, ममता रानी,जगदीश तनेजा, विजय यादव, सुनील आर्य, सतीश राजपूत,परिमल राय, नित्यानंद मंडल, भूपेंद्र चौधरी, डा. अजय कुमार सिंह, रविन्द्र गुप्ता, राम प्रसाद, ममता हालदार, उमा सरकार, रामकृष्ण सैनी, राघव सिंह, आशीत बाला, रंजीत तिवारी, साजिद खां, ओमप्रकाश दुआ, ओकार सिंह, बाबू खान, हाजी नवी रजा, जकी रजा, तारक बाछाड़ा, विकास सरकार, देवेंद्र शाही, मुन्ना तिवारी, सलीम अहमद खां, विजय अरोरा, संजीव रस्तौगी, मोनिका ढाली, शुभम रस्तौगी,रियाज सैफी, जाकिर खान, लक्की खान, संजय कोली, संजय सिंह, दीपक सिं,ह सुमन सिंह, प्रकाश शर्मा, मुकेश सिंह, मुख्त्यार,जतिन कोली,बाली कोली, निशांत शाही, बॉबी कोली, अमित कोली, अंकित कोली, अंकित पाल आदि मौजूद रहे। **काशीपुर-** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की संसद से सदस्यता समाप्त किए जाने का मुद्दा थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस मामले को लेकर समूचे देश भर के साथ ही यहां काशीपुर में भी पार्टी कार्यकर्ताओं में खासा उबाल देखा जा रहा है। इसी को लेकर नगर कांग्रेस कमेटी की अगुवाई में दर्जनों की तादाद में जुटे पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने संकल्प सत्याग्रह के रूप में विरोध प्रदर्शन करते हुए केंद्र सरकार के बुद्धि शुद्धि की कामना की। कांग्रेसियों ने तल्ख लहजे में कहा कि भाजपा सरकार की मनमानी को वह किसी भी कीमत पर चलने नहीं देंगे। रामनगर रोड पर राजकीय चिकित्सालय के सामने स्थित पार्क में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र के समक्ष प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि देश के इतिहास में पहला ऐसा अवसर है जब मामूली बात पर सम्मानित सांसद की सदस्यता को समाप्त कर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे तमाम सांसद है जिनके ऊपर गंभीर मामले दर्ज हैं लेकिन उनके साथ अब तक ऐसी कोई कार्यवाही नहीं की गई। राहुल गांधी के साथ की गई कार्यवाही को वक्ताओं ने द्वेष पूर्ण बताया। कहा कि भाजपा सरकार तानाशाही की पराकाष्ठा लांघ चुकी है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने यह भी कहा कि भाजपा के देश व प्रदेश सरकार की गलत नीतियों को जनता बाखूबी समझ चुकी है। 2024 के संसदीय चुनावों में जनता भाजपा को इसका मुंहतोड़ जवाब देगी। कार्यक्रम के दौरान महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संदीप सहगल, युवा कांग्रेस नेता अर्पित मेहरोत्रा, अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जय सिंह गौतम, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव अरुण चौहान, शेख अब्दुल अजीज कुरैशी, शफीक अहमद अंसारी, मंसूर अली मेफेयर, सलीम एडवोकेट, मुशर्रफ हुसैन, जफर मुन्ना, राशिद फारूखी, रवि ढींगरा, जितेंद्र सरस्वती, सुभाष पाल, समेत यूथ कांग्रेस, महिला कांग्रेस, किसान कांग्रेस एनएसयूआई व सेवादल से जुड़े तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**पंतनगर से जयपुर के लिये...**पंतनगर एयरपोर्ट को भी इंटरनेशल एयरपोर्ट के रूप में विकसित किया जा रहा है। आज जयपुर से लिए फ्लाईट शुरू होना बड़ी उपलब्धि है। दिल्ली से भी अब दो फ्लाईटें चलेंगी। पहले एक ही फ्लाईट थी। जयपुर वाली फ्लाईट पूरे हफ्ते चलेगी। पिथौरागढ़ के लिए फ्लाईट शुरू नहीं होने के सवाल पर अजय भट्ट ने कहा कि कुछ तकनीकी दिक्कतें थी। उन्हें दूर किया जा रहा है। राज्य और केन्द्र सरकार इस पर लगातार प्रयास कर रही है। साथ ही एयर फोर्स की तरफ से भी समस्याओं के निराकरण के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। पिथौरागढ़ के साथ गौचर और चिन्यालीसौड़ के लिए भी निकट भविष्य में हवाई यात्रा नियमित रूप से शुरू की जायेगी। देश विदेश से आने वाले पर्यटकों को सरकार सरल और सुगम यात्रा उपलब्ध कराना चाहती है और अच्छे संसाधन मुहैया कराना चाहती है ताकि लोग यहां आकर वादियों का आनंद ले सके। पर्यटन के विकास के लिए जो भी उत्तराखण्ड सरकार केन्द्र से मांग रही है केन्द्र सरकार उसे पूरा करने के लिए तत्पर है। इस मौके पर विधायक शिव अरोरा, जिला अध्यक्ष कमल जिंदल,विवेक सक्सेना, अतुल जोशी, अमित नारंग, योगेश वर्मा ,डीएम युगल किशोर पंत, एसडीएम प्रत्यूष सिंह, निदेशक सुमित सक्सेना आदि भी मौजूद रहे।

**भाजपा के साथ ...**आज पिछड़ा समाज संकल्पित हो गया है कि आने वाले चुनावों में पिछड़े समाज के लोग चट्टान की तरह भाजपा के साथ खड़े रहेंगे और पीएम मोदी को तीसरी बार हैट्रिक लगाकर प्रधानमंत्री बनने में अपना योगदान देंगे। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने कहा कि भाजपा में सभी वर्गों के हित सुरक्षित हैं। भाजपा ही ऐसी पार्टी है जो सर्वसमाज का हित चाहती है। प्रदेश अध्यक्ष ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि ओबीसी समाज के अपमान पर न्यायालय द्वारा सजा सुनाए जाने के बाद भी कांग्रेसी युवराज का अहंकार कम नहीं हो रहा है। कांग्रेस न्यायपालिका और संविधान का भी अपमान कर रही है। केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने ओबीसी समाज के हितों के लिए कई ऐतिहासिक फैसले लिये हैं। इसी लिए आज ओबीसी समाज का रूझान भाजपा की ओर बढ़ा है। उन्होंने प्रदेश कार्य समिति के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी। कहा कि यह कार्य समिति आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी के लिए अहम भूमिका निभायेगी। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, जिलाध्यक्ष ओबीसी श्री कांत राठौर, ललित राठौर, राम प्रकाश गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष ओबीसी उपेन्द्र चौधरी, नेत्र पाल मौर्य, विकास शर्मा, चंद्रपाल पाल, मुकेश पाल समेत तमाम भाजपाई मोजूद थे।

**जी २० समिट के लिये...** की सुरक्षा व्यवस्था में लगाए गए कर्मियों की तैनाती कर दी गई है। ब्रीफिंग के दौरान आईजी कुमाऊं परिक्षेत्र नीलेश आंनद भरणे, डीआईजी अभिसूचना डॉ योगेन्द्र सिंह रावत, एसएसपी डॉ मंजुनाथ टिसी समेत जिलाधिकारी अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे। उधर एसपी काशीपुर अभय कुमार सिंह, सीओ बाजपुर भूपेंद्र सिंह भंडारी ने ड्यूटी प्वाइंट पर तैनात कर्मियों को दिशा निर्देश दिए।

**न्यायालयपरिसर में...**भागने लगे। जिस पर दोनों को पकड़ लिया गया। दोनों ने अपने नाम सोहेल खान और सलमान खान बताया। दोनों के पास से थैले में न्यालय के शौचालय से चुरायी गयी टोटियां बरामद हुयी। पूछताछ में दोनों ने बताया कि वह नशे के आदी है। नशे के लिए ही चोरी करते हैं। सूचना पर पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर उनके खिलाफ मामला पंजीकृत कर लिया है।

**तमंचेके साथ..**एक्ट और गैंगस्टर एक्ट के मामले में 5 माह से फरार था। आरोपी को आवश्यक कार्यवाही के माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेजने की कार्रवाई की गयी। एसपी सिटी के मुताबिक पकड़े गये बदमाश पर आधा दर्जन मुकदमे चल रहे हैं। जिसके चलते उस पर गैंगस्टर लगायी गयी थी। पकड़ने वाली टीम में नानकमत्ता थानाध्यक्ष देवेन्द्र गौरव, उपनिरीक्षक लक्ष्मण जोशी, एसआई नवनीत कुमार, कांस्टेबल प्रवीण गोस्वामी,नवीन जोशी, अमित देवरानी आदि शामिल थे।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)





# नेशनल जुजित्सू चैम्पियनशिप के लिए टीम रवाना

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। श्रीमंत तुकोजी राव पवार स्पोर्टस स्टेडियम देवास, मध्य प्रदेश में आयोजित होने जा रही नेशनल जुजित्सू चैम्पियनशिप में प्रतिभाग करने के लिए जनपद ऊधम सिंह नगर की जुजित्सू टीम रविवार को रेलवे स्टेशन से रवाना हुयी। जिला जुजित्सू संघ ऊधम सिंह नगर के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ ने ऑनलाइन वीडियो कॉल कर शुभकामनाएं देकर टीम को रवाना किया। इस अवसर पर अध्यक्ष भारत भूषण चुघ ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनपद के खिलाड़ी हमेशा अपने शानदार खेल से जिले, राज्य एवं राष्ट्रीय का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं। और उन्होंने कहा प्रशिक्षक ऋषि पाल भारती के नेतृत्व में जा रही टीम सर्वाधिक पदक प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन करेंगे। जुजित्सू संघ ऊधम सिंह नगर के महासचिव ऋषि पाल भारती ने बताया कि मिनिस्ट्री ऑफ यूथ अफेयर्स एंड स्पोर्ट्स गवरमेंट ऑफ इंडिया द्वारा मान्यता प्राप्त जुजित्सू एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में दिनांक 27 से 31 मार्च 2023 तक श्रीमंत तुकोजी राव पवार स्पोर्टस स्टेडियम देवास, मध्य प्रदेश में जाई नेशनल जुजित्सू चौम्पियनशिप अयोजित की जा रही है। जिसमें भारत देश के 25 राज्यों के लगभग 2500 से अधिक खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। और उन्होंने आगे बताया कि इस प्रतियोगिता में जनपद उधम सिंह नगर के 56 खिलाड़ी विभिन्न आयु वर्गों के स्पर्धाओं में अपना जौहर दिखाएंगे। जिसमें 27 बालिकाएं एवं 29 बालक शामिल हैं। टीम कोच की भूमिका में सेंसेई किशोर सिंह, ऋषि पाल भारती एवं टीम मैनेजर हिमा भट्ट, अरुण तिग्गा, अभिषेक राजपूत होंगे। इस अवसर पर सहायक खेल निदेशक उत्तराखंड सुरेश चंद्र पांडे, डीएसओ उधम सिंह नगर निर्मला पंत, वरुण भेलवाल, डीएसओ नैनीताल रसिका सिद्दीकी, डिप्टी डीएसओ जानकी कार्की, बबिता बिष्ट, जुजित्सू एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के महासचिव विनय कुमार जोशी, देवेंद्र रावत, डॉ. नागेंद्र शर्मा, विजेंद्र चौधरी,



जॉनी हिराम तिग्गा, शोभा तिग्गा, शंकर सिंह बसेरा, सुखदेव सिंह, राजीव राणा, विजय गिरधर, सतनाम चावला, ऐजे बटसर, साधना बटसर, रघु रावत, अमन सिंह, यतेंद्र कुमार, विक्रम सिंह, अभिषेक राजपूत, नरेंद्र सिंह, वसीम खान, शेखर सक्सेना, अपूर्व मनोहर सिंह, जगविंदर सिंह, कुलदीप सिंह चंदेल, अजय शर्मा, शालिनी शर्मा, सहित अनेकों अभिभावक गण एवं खेल प्रेमी लोगों ने बधाई दी।

# केंद्रीय कृषि मंत्री ने किया 'डिजीक्लेम' का शुभारम्भ

## 6 राज्यों के बीमित किसानों को बटन दबाकर भुगतान किए 1260 करोड़

नई दिल्ली(उद ब्यूरो)। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल के डिजिटाइज्ड क्लेम सेटलमेंट मॉड्यूल डिजीक्लेम का शनिवार को शुभारंभ किया। इस नवाचार के साथ ही दावों का वितरण अब इलेक्ट्रॉनिक रूप से किया जाएगा, जिसका सीधा लाभ प्रारंभ में 6 राज्यों (राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड व हरियाणा) के संबंधित किसानों को होगा। दावा भुगतान की प्रक्रिया अब स्वचालित हो जाएगी क्योंकि राज्यों द्वारा पोर्टल पर उपज डेटा जारी किया जाता है। श्री तोमर ने बटन दबाकर इन 6 राज्यों के बीमित किसानों को 1260.35 करोड़ रु. के बीमा दावों का भुगतान किया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा पीएमएफबीवाई का शुभारंभ 6 साल पहले किया गया था और उनकी मंशा है कि अधिकाधिक किसानों को इसका लाभ मिलें। कार्यक्रम में श्री तोमर ने कहा कि डिजीक्लेम के





साथ प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में नई विधा का शुभारम्भ हुआ है जिससे केन्द्र राज्य सरकारों को सुविधा के साथ ही किसानों को क्लेम मिल जाएं इसकी सुनिश्चितता पारदर्शिता के साथ की जा सकेगी। प्रधानमंत्री फसल बीमायोजना भारत सरकार की बहुत बड़ी योजना है जो प्राकृतिक परिस्थितियों पर आधारित है। पिछले छह साल से संचालित इस योजना के अंतर्गत संचालित इस योजना के अंतर्गत बीमित किसानों को उनकी उपज के नुकसान की भरपाई के रूप में अभी तक 1.32 लाख करोड़ रु. का भुगतान किया गया है। श्री तोमर ने कहा कि कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय सभी राज्य सरकारों, बीमा कंपनियों व किसानों के संपर्क में भी रहता है और समय- समय पर आने वाली कठिनाइयों का परिमार्जन किया जाता है। पिछले दिनों छत्तीसगढ़ के लिए ग्रिवांस पोर्टल बनाया गया है, जिसका लाभ परिलक्षित हो रहा है। इस पोर्टल को पूरे देश के लिए उपयोग करें, इसकी कोशिश हो रही है। अभी तक सामान्य तौर पर यह माना जाता था कि जो किसान ऋणी है, वहीं बीमित होता है लेकिन प्रसन्नता की बात है कि इस संबंध में जागरूकता तेजी से बढ़ रही है और गैर- ऋणी किसान भी फसल बीमा कराने की ओर अग्रसर हो रहे हैं। इस दिशा में मेरी पालिसी मेरे हाथ अभियान का भी बड़ा योगदान है। श्री तोमर ने कहा कि हम सबका लक्ष्य यहीं होना चाहिए कि किसान स्वयं जागरूक हो जाएं व हर किसान बीमित हो ताकि प्राकृतिक प्रकोप की स्थिति में उसके नुकसान की भरपाई हो सके। श्री तोमर ने कहा कि कृषि क्षेत्र के समक्ष चुनौतियां तो रहती ही है, लेकिन इनका समाधान बहुत ही शिद्दत के साथ सरकारें कर सकें, इसमें टेक्नालाजी विशेष सहायक है। आम किसानों तक मौसम की सटीक जानकारी भी पहुंच सकें, इसके लिए टेक्नालाजी की मदद से कृषि मंत्रालय द्वारा प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि बीमा कंपनियों, राज्य सरकारों एवं किसानों सबका समन्वय बढ़ रहा है, जिसके परिणामस्वरूप अब अनेक राज्य प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से जुड़ने के लिए निरंतर अग्रसर हो रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि सबके संयुक्त प्रयत्नों के कारण इस बीमा योजना की लोकप्रियता और बढ़ेगी। कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि एवं किसान राज्य मंत्री कैलाश चौधरी, उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, केंद्रीय कृषि सचिव मनोज आहूजा, पीएमएफबीवाई के सीईओ रितेश चौहान सहित उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हिमांचल, छत्तीसगढ़, उत्तराखण्ड व हरियाणा के वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे।

# भारत विकास परिषद की नई कार्यकारिणी गठित

## विष्णु सक्सेना अध्यक्ष, कीर्तिनिधि सचिव और केवल कोषाध्यक्ष बने

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद रुद्रपुर शाखा के सत्र 2023 एवं 2024 की नई कार्यकारिणी गठन हेतु चुनाव प्रतिक्रिया आयोजित की







गई चुनाव प्रक्रिया आयोजन प्रारंभ करते हुए निवर्तमान शाखा अध्यक्ष दीपक अरोरा, सचिव अमित गंभीर ने मुख्य चुनाव अधिकारी श्रीमती पाला मेहता एवं रीजनल संयुक्त महासचिव नरेंद्र अरोरा का स्वागत करते हुए सर्वप्रथम भारत माता के चित्र के आगे दीप प्रज्वलन कर माल्यार्पण किया। मुख्य चुनाव अधिकारी श्रीमती पाला मेहता के द्वारा चुनाव प्रक्रिया नियमानुसार प्रारंभ की गई। सर्वप्रथम चुनाव अधिकारी ने कोषाध्यक्ष पद हेतु नाम का प्रस्ताव मांगा जिसमें सर्वसम्मति से पूरे सदन ने केवल कृष्ण ईशपुजानी के प्रस्ताव के पक्ष में समर्थन किया इसके बाद सचिव पद हेतु पूरे सदन ने कीर्ति निधि शर्मा के प्रस्ताव के पक्ष में समर्थन किया। अंत में अध्यक्ष पद हेतु पूरे सदन ने विष्णु सक्सेना के प्रस्ताव के पक्ष में समर्थन किया। नवगठित कार्यकारिणी के अध्यक्ष विष्णु सक्सेना ,सचिव कीर्ति निधि शर्मा ,कोषाध्यक्ष केवल कृष्ण ईश्पुजानी ने निवर्तमान कार्यकारिणी के कार्यकाल की सराहना करते हुए विश्वास दिलाया कि जो जिम्मेदारी हम को सौंपी गई है उसे भारत विकास परिषद शाखा रुद्रपुर के सभी सदस्यों के सहयोग से निष्ठापूर्वक निर्वहन करेगे तथा यह भी विश्वास दिलाया पूरे वर्ष भर सभी सदस्यों की सक्रिय सहभागिता के साथ पूर्ण मनोयोग एवं उत्साह से कार्य करेंगे।कार्यक्रम में एनके मेहता, विजय भूषण गर्ग, हरनाम चौधरी, दिवाकर पांडे ,सुरेंद्र मिड्ढा ,संजय ठुकराल, राजेंद्र सहाय ,कैलाश अग्रवाल, डॉक्टर ओपी महाजन, विपिन लूथरा, पंकज बांगा , राहुल सिंघल, संजय सिंघल, अजय बंसल, राकेश बंसल, गौरव सिंघल, प्रमोद मित्तल, राजेश जैन, संजीव अरोरा, विपिन गुलाटी, रोहित सलूजा, महेंद्र गोयल, हरीश ईश्पुजानी, सोनू अनेजा, सुरेश बब्बर, अमित अरोरा आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# डीएम ने मांगा विभागीय भूमि पर हुए अतिक्रमण का ब्यौरा

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी रीना जोशी ने जनपद में विभिन्न विभागों की भूमि पर हुए अवैध अतिक्रमण को हटाने के संबंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ एक आवश्यक बैठक ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग, नगर निकाय के अधिशासी अधिकारियों, राजस्व, वन, स्वास्थ्य, पेयजल निगम, सिंचाई आदि सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जनपद क्षेत्र के अंतर्गत स्थित अपने-अपने विभाग से संबंधित भूमि का ब्यौरा एकत्रित करने के साथ ही भूमि की वर्तमान स्थिति की रिपोर्ट उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। साथ ही जहां पर लोगों द्वारा सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण किया गया है वहां अवैध अतिक्रमण को हटाने हेतु संबंधित विभागों द्वारा संबंधित लोगों को नोटिस जारी किए जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के स्पष्ट निर्देश है कि सभी संबंधित विभाग प्रत्येक माह विभागीय भूमि/ संपत्ति का स्थलीय निरीक्षण करते रहे तथा जहां पर अवैध कब्जा हो रहा हो उसे हटाने के पूरे प्रयास किए जाएं। जिलाधिकारी ने नगर निकायों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि नगर क्षेत्र अंतर्गत रेडी- ठेला वालों को निर्देशित कर दिया जाय कि वे अपने रजिस्ट्रेशन दस्तावेज को रेड़ी-ठेलों पर अवश्य चस्पा करें। उन्होंने नगर निकायों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने नगर क्षेत्र के अंतर्गत एक सप्ताह के भीतर सर्वे कर अतिक्रमण चिन्हित करते हुए अतिक्रमणकर्ता को नोटिस देना सुनिश्चित करें ताकि वे स्वयं ही अतिक्रमण हटा सकें। अन्यथा संबंधित विभाग ही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। बैठक में



पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह, अपर जिलाधिकारी फिंचाराम चौहान, सीएमओ एचएस हयांकी, उप प्रभागीय वनाधिकारी ज्वाला प्रसाद, उप जिलाधिकारी अनुराग आर्य, अधिशासी अभियंता लोनिवि एमसी तिवारी, अधिशासी अभियंता सिंचाई कमलेश पांडे आदि उपस्थित थे।


ANANT GRAPHICS
Anant Graphics
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
We Deals In
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
More information call us 98377 77818
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur